वर्ष-11 अंक-23 पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये

प्रयागराज, गुरुवार 27 मार्च 2025

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

11 YEARS ANNIVERSARY

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित

Download From Google Play

Adhunik Samachar

आधुनिक समाचार नेटर्वक

## संक्षिप्त समाचार

### एयरलाइंस ने हवाई किराए के आंकड़े साझा करने से किया इनकार

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयरलाइनों से हवाई किराए के रुझानों का अध्ययन करने के लिए डेटा की मांग की थी। इसपर एयरलाइनों के द्वारा मना करने पर मामले में गर्माहट आ गई है। साथ ही डीजीसीए ने कहा है कि वह डेटा साझा करने से इनकार करने के



बाद इस मामले की जांच कर रहा है।एयरलाइनों के द्वारा हवाई किराए का डाटा साझा करने से मना करने के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) एक्शन में आता हुआ नजर आ रहा है। मामले में डीजीसीए ने कहा है कि वह एयरलाइनों द्वारा हवाई किराए का डेटा साझा करने से इनकार करने के बाद इस मामले की जांच कर रहा है। बता दें कि डीजीसीए ने एयरलाइनों से हवाई किराए के रुझानों का अध्ययन करने के लिए डेटा की मांग की थी।

### साइबर सेल ने 140 से अधिक आपत्तिजनक ऑनलाइन पोस्ट की पहचान की

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** नागपुर में हिंसा फैलाने के आरोपी सोशल मीडिया अकाउंट को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 79(3)() के तहत नोटिस जारी किए गए हैं ताकि इस तरह की सामग्री को तुरंत हटाया जा सके। नागपुर में हुई हिंसा के बाद महाराष्ट्र साइबर विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 140 से अधिक पोस्ट और वीडियो की पहचान की है। जिनसे आपत्तिजनक सामग्री शेयर की गई थी। जिनका उद्देश्य सांप्रदायिक अशांति भड़काना था। एक अधिकारी के अनुसार, ये वीडियो और पोस्ट फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) और यूट्यूब पर अपलोड किए गए थे।हिंसा को बढ़ाने में शामिल इन सोशल मीडिया अकाउंट को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 79(3)() के तहत नोटिस जारी किए गए हैं।

## नोटिस के 24 घंटे में मकान ढहाना गलत, फिर देंगे निर्माण का मौका यूपी के मामले में शीर्ष अदालत

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश (यूपी) के अधिकारियों को फटकार लगाई है। कोर्ट ने सरकारी अधिकारियों को भूखंड पर दावा न करने का शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश भी दिया है। कोर्ट ने साफ किया है कि नोटिस भेजने के 24 घंटे के भीतर किसी मकान को ढहाना गलत है। अपील खारिज होने पर निर्मित हिस्सा याचिकाकर्ताओं को अपने ही खर्चे पर ढहाना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस देने के 24 घंटे के भीतर मकान गिराने को गलत बताते हुए उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को फटकार लगाई। साथ ही, हैरानी जताई कि मालिकों को अपील करने का समय दिए बगैर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। शीर्ष अदालत ने कहा, वह प्रयागराज के याचिकाकर्ताओं एक वकील, एक प्रोफेसर और तीन अन्य लोगों को सशर्त उनके खर्चे पर पुनर्निर्माण की अनुमति देगा।जस्टिस अभय एस ओका व जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने याचिकाकर्ताओं को शपथपत्र दाखिल करने का वक्त दिया। पीठ ने कहा, अगर वे संबंधित प्राधिकरण के समक्ष तय समय में अपील करने का शपथपत्र देते हैं, तो वह उन्हें दोबारा घर बनाने की अनुमति देगी। इसका खर्चा उन्हें उठाना होगा। उन्हें शपथपत्र में लिखना होगा, वे भूखंड पर किसी भी तरह का दावा और किसी तीसरे पक्ष के हितों की बात नहीं करेंगे। पीठ ने यह भी कहा,



अगर उनकी अपील खारिज हो जाती है, तो याचिकाकर्ताओं को अपने खर्चे पर घरों को ध्वस्त भी करना होगा। याचिकाकर्ताओं को शपथपत्र दाखिल करने का समय देते हुए पीठ ने सुनवाई स्थगित कर दी। याचिकाकर्ताओं वकील जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद, दो विधवा महिलाएं और एक अन्य व्यक्ति ने शीर्ष अदालत को बताया कि उन्हें 6 मार्च, 2021 को नोटिस दिया और 7 मार्च, 2021 को घर गिरा दिए गए। वे इलाहाबाद हाईकोर्ट गए, लेकिन ध्वस्तीकरण के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी गई। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। याचिकाकर्ताओं के वकील ने तर्क दिया, राज्य ने गलत तरीके से उनकी जमीन को गैंगस्टर-राजनेता अतीक अहमद से जोड़ दिया है। जस्टिस ओका ने कहा, राज्य को अपील दायर करने का उचित समय देना चाहिए था। अब हम पुनर्निर्माण करने की अनुमति देंगे। उन्होंने कहा, जिस तरह से नोटिस के 24 घंटे में यह किया, उससे न्यायालय की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। केवल अंतिम नोटिस कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त विधि, पंजीकृत डाक के माध्यम से दिया गया था। कोर्ट ऐसी प्रक्रिया बर्दाश्त नहीं कर सकता। यदि हम एक मामले में बर्दाश्त करते हैं, तो यह जारी रहेगा। इस मामले में जो किया, राज्य को उसका समर्थन नहीं करना चाहिए। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा, पहला नोटिस 8 दिसंबर, 2020 को दिया गया था। फिर जनवरी, 2021 व मार्च, 2021 में नोटिस दिए। लिहाजा ध्वस्तीकरण अनुचित नहीं है। पट्टे की अवधि या फ्रीहोल्ड के अर्जियों की अस्वीकृति से बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे हैं। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि वे अतिक्रमणकारी नहीं, बल्कि पट्टेदार थे।

## दामन पर दाग, जज के स्टोररूम में लगी आग के बाद कहां तक जाएगी अधजले नोटों की आंच

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर कैश मिलने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जांच बिठा दी है। जांच पूरी होने तक जस्टिस वर्मा से सभी न्यायिक जिम्मेदारियां ले ली गई हैं। वहीं, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी इस मामले में टिप्पणी की है।दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास से कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी की बरामदगी का मामला चर्चा में हैं। सोमवार को जस्टिस वर्मा को अगले आदेश तक के लिए न्यायायिक जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया। वहीं, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना द्वारा तीन सदस्यीय आंतरिक जांच समिति का गठन भी कर दिया गया है। इन सबके बीच सवाल उठ रहा है कि आखिर जस्टिस यशवंत वर्मा कैसे चर्चा में आए? इस पूरे विवाद के केंद्र में जो जस्टिस यशवंत वर्मा हैं वो कौन हैं? उनके कौन से फैसले सबसे ज्यादा चर्चित रहे हैं? जस्टिस वर्मा पर लगे आरोपों पर सीजेआई ने क्या कदम उठाया है? इस पूरे मामले में जस्टिस वर्मा का क्या कहना है? इस मामले में आगे क्या होगाइस कार्रवाई के बीच 23 मार्च को जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले के पास कूड़े



के ढेर में भी 500-500 के जले नोट मिले। इस मामले में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट आने के बाद ही इस पर कुछ कहेंगे। वहीं, 24 मार्च को जस्टिस वर्मा से अगले आदेश तक के लिए न्यायिक जिम्मेदारियां ले ली गईं। 56 साल के जस्टिस यशवंत वर्मा को अक्तूबर 2021 में दिल्ली हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। दिल्ली हाईकोर्ट की वेबसाइट के अनुसार, जस्टिस यशवंत वर्मा ने 8 अगस्त 1992 को वकील के रूप में नामांकन कराया था। 13 अक्तूबर 2014 को उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया। 1 फरवरी 2016 को जस्टिस वर्मा स्थायी न्यायाधीश बने। 11 अक्तूबर 2021 को जस्टिस वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे। जस्टिस वर्मा वर्तमान में बिक्री कर, जीएसटी व अन्य अपीलों के मामलों से निपटने वाली खंडपीठ का नेतृत्व कर रहे हैं। जस्टिस वर्मा 2006 से अपनी पदोन्नति तक इलाहाबाद हाईकोर्ट में विशेष वकील रहे। 2012 से अगस्त 2013 तक यूपी सरकार के मुख्य स्थायी वकील रहे। जस्टिव यशवंत वर्मा का जन्म 6 जनवरी 1969 को इलाहाबाद में हुआ। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से बी. कॉम (ऑनर्स) की डिग्री ली। इसके वाद उन्होंने मध्य प्रदेश के रीवा विश्वविद्यालय से एलएलबी की।

## 'एकनाथ शिंदे से माफी नहीं मांगूंगा, भीड़ से खौफ नहीं' कामरा बोले- अजित पवार ने भी ऐसा ही कहा था

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन कुणाल कामरा की टिप्पणी का विवाद लगातार चर्चा में है। ताजा घटनाक्रम में कुणाल ने कहा है कि वे डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे से माफी नहीं मांगेगे। कामरा ने कहा कि उन्हें भीड़ से किसी तरह का डर नहीं लगता। कामरा ने अपने एक्स हैंडल पर चार पन्ने का पत्र भी जारी किया है महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर एक फिल्मी गाने के सहारे विवादित टिप्पणी के बाद कॉमेडियन कुणाल कामरा लगातार सुर्खियों में है। शिवसेना सांसद समेत तमाम शिंदे समर्थकों का कहना है कि कुणाल को शिंदे से तत्काल माफी मांगनी होगी। लगातार हो रही बयानबाजी के बीच कुणाल कामरा ने सोमवार देर रात अपना विस्तृत बयान जारी किया। कामरा ने कहा कि उन्होंने कुछ भी ऐसा नहीं कहा, जिसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर जारी विस्तृत बयान में कहा, 'मैं माफी नहीं मांगूंगा। मैंने जो कहा, वह बिल्कुल वैसा ही है जैसा उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी कह चुके हैं।'बकौल कामरा, अजित पवार भी उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बारे में 'गद्दारी' जैसी टिप्पणी कर चुके हैं। उन्होंने



कहा कि वे इस भीड़ से नहीं डरते। कामरा ने कहा, वे अपने बिस्तर के नीचे छिपकर इस घटना के शांत होने का इंतजार नहीं करेंगे। 36 वर्षीय कॉमेडियन की विवादास्पद टिप्पणी पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, कामरा को अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगनी चाहिए।विवादास्पद टिप्पणी के लिए माफी मांगने से इनकार करने की बात के साथ कामरा ने ये भी कहा कि धमकाने के इरादे से फोन करने वाले लोगों को वही गाना सुनाई देगा, जिससे उन्हें नफरत है। जो लोग मेरा नंबर लीक कर रहे हैं या लगातार कॉल कर रहे हैं, मुझे यकीन है कि उन्हें अब तक समझ आ गया होगा कि सभी अज्ञात कॉल वॉइसमेल पर जा रही हैं। कामरा ने ये भी कहा कि मीडिया में जिस तरह से इस मामले की रिपोर्टिंग हो रही है, इस पर सोचने की जरूरत है। कामरा ने कहा कि भारत प्रेस की आजादी के मामले में दुनिया के शीर्ष देशों की सूची में 159वें नंबर पर आता है। हैबिटेट सेंटर को नष्ट किए जाने की खबरों पर कुणाल कामरा ने कहा, मनोरंजन स्थल के रूप में बनी जगह केवल एक मंच होते हैं। यहां अलग-अलग प्रकार के शो होते है। मेरी कॉमेडी के लिए हैबिटेट (या ऐसी कोई अन्य जगह) जिम्मेदार नहीं है। मैं क्या कहूंगा या करूंगा, इस पर भी उनका नियंत्रण नहीं है। इसे नियंत्रित करने का अधिकार किसी भी राजनीतिक दल के पास भी नहीं है। एक कॉमेडियन के शब्दों के लिए किसी जगह पर हमला करना उतना ही बेतुका है जितना बटर चिकन का स्वाद पसंद नहीं आने पर टमाटर से लदा एक ट्रक पलटना। कामरा ने उन नेताओं को भी जवाब दिया जिन्होंने उनसे माफी मांगने को कहा है। अपने बयान के दूसरे हिस्से में कामरा ने लिखा, ये उन ठराजनीतिक नेताओंठ के लिए, है जो मुझे सबक सिखाने की धमकी दे रहे हैं। बकौल कामरा, 'भले ही आज का मीडिया हमें कुछ और ही विश्वास दिलाने की कोशिश कर रहा हो, हमारी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार केवल शक्तिशाली और अमीर लोगों की प्रशंसा करने के लिए नहीं है।

## भारत का अप्रैल में 10 अफ्रीकी देशों के साथ नौसैनिक अभ्यास

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना अप्रैल में तंजानिया में 10 अफ्रीकी देशों के साथ समुद्री युद्धाभ्यास करेगी, जिसका उद्देश्य रक्षा सहयोग बढ़ाना है। इसमें समुद्री डकैती रोधी अभ्यास, खोज-बचाव और हेलीकॉप्टर संचालन पर फोकस होगा।भारतीय नौसेना अप्रैल के मध्य में 10 अफ्रीकी देशों के साथ एक विशाल युद्धाभ्यास करेगी। इसका उद्देश्य अफ्रीका महाद्वीप के साथ रक्षा सहयोग को बढ़ाना है।नौसेना के उपप्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती ने बताया कि भारतीय नौसेना और तंजानिया पीपुल्स डिफेंस फोर्स संयुक्त रूप से इस अभ्यास को आयोजित करेंगे, जिसका नाम अफ्रीका-इंडिया मैरीटाइम एंगेजमेंट (एआईकेईवाईएमई) है। यह अभ्यास तंजानिया के दार-एस-सलाम के तट पर होगा। इसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। अभ्यास छह दिनों तक चलेगा। इसमें कोमोरोस, जिबूती, इरिट्रिया, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स और दक्षिण अफ्रीका समेत 10 अफ्रीकी देश हिस्सा लेंगे।गौरतलब है कि यह कवायद



पीएम नरेंद्र मोदी की वैश्विक दक्षिण के साथ जुड़ाव की विजन महासागर (म्यूचुअल एंड होलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्योरिटी एंड ग्रोथ एक्रॉस रीजन) के अनुरूप है। पीएम ने हाल ही में मॉरिशस यात्रा के दौरान इस विजन की घोषणा की थी।समुद्री डकैती रोधी अभ्यासों पर होगा फोकस...वाइस एडमिरल सोबती ने कहा, बंदरगाह चरण में समुद्री डकैती और सूचना साझा करने पर टेबल-टॉप और कमांड-पोस्ट अभ्यास होंगे, साथ ही नाविक प्रशिक्षण भी होगा। समुद्री चरण में खोज और बचाव, जहाज पर सर्च और जब्ती, छोटे हथियारों से गोलीबारी और हेलीकॉप्टर संचालन शामिल होंगे।

## अप्रैल के दूसरे सप्ताह में भाजपा को मिल सकता है नया अध्यक्ष

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** अप्रैल के दूसरे सप्ताह में भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है। संघ की प्रतिनिधि सभा बैठक और पीएम मोदी-जेपी



नड्डा की मुलाकात के बाद संगठन चुनाव को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।अप्रैल के दूसरे सप्ताह में भाजपा को नया अध्यक्ष मिल सकता है। भाजपा सूत्रों ने इसकी संभावना जताई है। दरअसल, संघ की बंगलूरू में संपन्न हुई तीन दिवसीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के अगले ही दिन भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रतिनिधि सभा की बैठक के तत्काल बाद दोनों नेताओं की इस मुलाकात को बेहद अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि इस दौरान दोनों के बीच संगठन चुनाव पर बातचीत हुई। गौरतलब है कि प्रतिनिधि सभा की बैठक में नड्डा ने संघ के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी।भाजपा बीते कुछ महीने से राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में जुटी है। वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यकाल को बीते करीब 13 महीने से लगातार विस्तार दिया जा रहा है। इस क्रम में सदस्यता अभियान और बूथ कमेटियां के चुनाव संपन्न होने के बाद प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव संपन्न कराए जा रहे हैं। अब तक 14 राज्यों के संगठन चुनाव संपन्न हो चुके हैं, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए 18 राज्यों में संगठन चुनाव संपन्न होना जरूरी है। इस बीच केरल, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड सहित कई राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष की अब बस औपचारिक घोषणा बाकी है।भाजपा सूत्रों का कहना है कि नए अध्यक्ष की घोषणा अगले महीने के दूसरे सप्ताह में होगी। प्रतिनिधि सभा की बैठक के बाद 30 मार्च को पीएम मोदी को नागपुर जाना है। यहां उनकी संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात संभव है। इसके बाद पीएम 2 से 4 अप्रैल तक बैंकॉक में होने वाले बिम्सटेक सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद 5 को श्रीलंका के दौरे पर होंगे। इस बीच कम से कम 8 राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा हो जाएगी। इसके बाद नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी।

## भारत में तेजी से घट रही घरेलू गौरैया की आबादी, शहरों की बढ़ती चकाचौंध बना रही बेघर

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।**भारत में शहरीकरण, पेड़ों की कटाई, मोबाइल टावरों के विकिरण और प्रदूषण के कारण घरेलू गौरैया की आबादी तेजी से घट रही है। कई राज्यों में इनकी के लिए घोंसला बनाने की जगहें कम हो रही हैं। मोबाइल टावरों से निकलने वाला विकिरण, बढ़ता प्रदूषण, कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग और अन्य बड़ी पक्षी प्रजातियों के साथ प्रतिस्पर्धा भी



संख्या 20 से 88ज्ञ् तक कम हो गई है। जागरूकता और संरक्षण प्रयासों से इनकी संख्या बढ़ाने की कोशिश जारी है गौरैया सिर्फ एक चिड़िया नहीं बल्कि हमारे पर्यावरण का बैरोमीटर है। अगर ये गायब हो रही है तो समझिए कि प्रकृति के साथ कुछ गलत हो रहा है। इनका रहना जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बेहद जरूरी है।भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के एक अध्ययन के अनुसार आंध्र प्रदेश में घरेलू गौरैया की आबादी 88 फीसदी तक कम हो गई है। केरल, गुजरात, राजस्थान जैसे राज्यों में यह 20 फीसदी तक कम हो गई है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंस के अनुसार पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, बिहार, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों, शहरों और यहां तक की ग्रामीण क्षेत्रों में पक्षीविज्ञानियों ने गौरैया की आबादी में बहुत तेजी से गिरावट देखी है।आईसीएआर के अनुसार भारत के तटीय क्षेत्रों में गौरैया की आबादी 70 से 80 फीसदी घट गई है। इसका प्रमुख कारण है तेजी से बढ़ता शहरीकरण, आधुनिक निर्माण शैली और पेड़ों की कटाई के कारण गौरैया इसकी घटती संख्या के कारण हैं। इसके अलावा शहरी और अर्धशहरी क्षेत्रों में लैंडफिल के विषाक्त रासायनिक कचरे ने गौरैया सहित कई पक्षी प्रजातियों को बहुत नुकसान पहुंचाया है। प्लास्टिकयुक्त कूड़ा कचरा जहां-तहां फेंकने से पर्यावरण, वन्यजीवों और पक्षियों को कई तरह का नुकसान पहुंचा रहे हैं। गौरैया की घटती संख्या को देखते हुए कई संगठनों और पर्यावरणविदों ने इनके संरक्षण के लिए प्रयास किए हैं। सेव द स्पैरो अभियान की शुरुआत पर्यावरणविद् जगत किंखाबवाला ने की थी, जिसे 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी समर्थन मिला। कूडुगल ट्रस्ट (चेन्नई) की ओर से स्कूलों में बच्चों को घोंसला बनाने की ट्रेनिंग दी जाती है जिसके तहत 2020-24 के बीच 10,000 से अधिक घोंसले बनाए गए। अर्ली बर्ड पहल (मैसूर, कर्नाटक) के तहत बच्चों को पक्षियों की पहचान और संरक्षण की शिक्षा दी गई। गौरैया संरक्षण के लिए 2025 की थीम प्रकृति के नन्हे दूतों को श्रद्धांजलि रखी गई है, जिसका उद्देश्य इन पक्षियों के प्रति जागरूकता और भावनात्मक जुड़ाव को पुनर्जीवित करना है।

## युद्ध में जीत उन्हीं की होगी, जो खुद को बदल सकें', सीडीएस जनरल अनिल चौहान का बयान

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि आज की लड़ाई में जीत उन्हें मिलेगी जो



बदलते हालात के अनुरूप खुद को ढालकर नए अवसरों का लाभ उठा सकें। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा सुधार और तकनीकी नवाचार के महत्व पर जोर दिया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि आज के युद्धक्षेत्र में वहीं जीत पाएंगे जो खुद को बदलने, हालात के अनुसार ढालने और नए अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम होंगे। यह बात उन्होंने सिकंदराबाद स्थित रक्षा प्रबंधन कॉलेज (सीडीएम) में उच्च रक्षा रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम (एचडीएमसी-20) के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, जनरल चौहान ने 21वीं सदी में सुरक्षा से जुड़े जटिल मुद्दों पर बात की। उन्होंने तेजी से बदलती वैश्विक परिस्थितियों, गैर-पारंपरिक खतरों और तकनीकी प्रगति, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और अन्य सुरक्षा चुनौतियों के बीच दूरदर्शी नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला। जनरल चौहान ने कहा, आज के युद्धक्षेत्र में जीत सबसे फिट रहने वालों के लिए ही नहीं है।

## धारावी की पीएमजीपी कॉलोनी में ट्रक में रखे सिलिंडरों में विस्फोट से लगी आग

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** सोमवार रात मुंबई के धारावी इलाके में एक ट्रक में रखे दो गैस सिलिंडरों में विस्फोट के बाद आग लग गई। पुलिस अधिकारी के अनुसार, यह घटना रात 9.50 बजे सायन-धारावी लिंक रोड पर नेचर पार्क के पास हुई। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है अधिकारी ने बताया कि विस्फोट से इलाके में दहशत फैल गई और सायन-धारावी लिंक रोड पर भारी ट्रैफिक जाम हो गया। आग बुझाने का कार्य जारी है। इसके लिए आठ दमकल गाड़ियां, आठ जंबो टैंकर और अन्य उपकरण तैनात किए गए हैं। नगर निगम के एक अधिकारी ने कहा कि आग लगने का कारण अभी पता लगाया जा रहा है। आग लगने के बाद अफरा-तफरी मच गई। लोग जान-माल की सलामती के लिए इधर-उधर भागते दिखे। धमाके के बाद लगी आग का मंजर कितना भयावह है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आग की लपटें कई मीटर ऊंची और काफी दूरी से देखी जा सकती थीं। पेट्रोलियम जैसे अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ में आग लगने के कारण दमकलकर्मियों को आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आग पर काफी हद तक नियंत्रण के बाद भी स्थानीय लोगों के बीच दहशत का माहौल देखा गया। धारावी के इस अग्निकांड में जानमाल का कितना नुकसान हुआ है, फिलहाल इस संबंध में आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। धारावी की सघन कॉलोनी में लगी आग के बाद मौके पर भेजे गए दमकलकर्मियों को आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हादसे के बाद सामने आई तस्वीरों में आग के कारण जलकर खाक हुई गाड़ियां और तबाही का मंजर साफ देखा जा सकता है। दमकलकर्मियों और स्थानीय प्रशासन ने लोगों को आग वाली जगह से दूर रहने का निर्देश दिया है।








# छात्र हित में संघर्ष और जेल में एक महीना 14 दिन रहे अभिषेक शुक्ला मिले राहुल गांधी से

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** राहुल गांधी ने नई दिल्ली स्थित 10 जनपथ आवास पर छात्र नेता एन. एस.यू.आई. के प्रदेश महासचिव अभिषेक शुक्ला से मिले कांग्रेस नेता राहुल गांधी से देश में बढ़ती बेरोजगारी और भर्ती घोटाले पर गंभीर चिंता व्यक्त की और उन्होंने कहा युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे बैठक में यूपीएससी ध्,ध्, एएण्, रेलवे पुलिस भर्ती घोटाले और अग्निपथ योजनाओं के प्रभाव पर विशेष चर्चा हुई। जेल में रहे अभिषेक शुक्ला से कहा कि छात्रों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ी जाएगी कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और सरकार के ऊपर दबाव बनाया जाएगा की भर्ती कैलेंडर जारी किए जाए जिससे निश्चित समय में परीक्षा रिजल्ट और नियुक्ति की जा सके। हाल ही में कांग्रेस नेता और विपक्ष के प्रमुख नेता राहुल गांधी ने यूपीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों और छात्र नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उन समस्याओं को सुना, जिनका सामना



छात्र कर रहे हैं, खासकर परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता, परीक्षा पैटर्न में बदलाव और भर्ती में देरी से संबंधित मुद्दे। अभिषेक शुक्लाः संघर्ष और जेल में एक महीना 14 दिन इस दौरान चर्चा में छात्र नेता अभिषेक शुक्ला का नाम भी सामने आया, जिन्होंने छात्रों के अधिकारों और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर लंबा संघर्ष किया। अभिषेक शुक्ला ने परीक्षाओं में पारदर्शिता और समय पर परिणाम घोषित करने को लेकर कई बार आवाज उठाई। उनके इस संघर्ष की वजह से उन्हें एक महीने और 14 दिनों तक जेल में रहना पड़ा। अभिषेक शुक्ला का कहना है कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह आगे भी छात्रों की आवाज उठाते रहेंगे और इसके लिए किसी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे।छात्र हितों के लिए राहुल गांधी की प्रतिबद्धता। अभिषेक शुक्ला और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यह मुलाकात छात्रों और अभ्यर्थियों के संघर्ष को नई दिशा देने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# जस्टिस यशवंत वर्मा के इलाहाबाद हाईकोर्ट तबादले पर भड़के वकील, अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** जस्टिस यशवंत वर्मा का तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट करने के विरोध में हाईकोर्ट के अधिवक्ता सोमवार को आधे दिन तक न्यायिक कार्य से विरत रहे। हाईकोर्ट बार एसोसिशन की लंच के बाद हुई बैठक में हड़ताल पर रहने का फैसला लिया गया। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद स्थानांतरण किए जाने के विरोध में सोमवार को अधिवक्ताओं ने सांकेतिक हड़ताल किया। साथ ही अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से बुलाई गई आकस्मिक आमसभा में न्यायमूर्ति के बंगले से कथित रूप से जले हुए नोट मिलने के मामले की ईडी व सीबीआई से जांच कराने की मांग की। साथ ही प्रस्ताव पारित कर कहा कि महाभियोग चलाया जाना चाहिए।हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने आम सभा में प्रस्ताव पारित कर न्यायमूर्ति का स्थानांतरण इलाहाबाद करने का कड़ा विरोध किया। प्रस्ताव में कहा गया कि मुख्य न्यायाधीश को सीबीआई, ईडी व अन्य जांच एजेंसियों को एफआईआर दर्ज करने और जांच करने की अनुमति देनी चाहिए। कॉलेजियम के माध्यम से न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है। ऐसे में योग्य और सक्षम व्यक्तियों का चयन नहीं हो पाता है।मुख्य न्यायाधीश को कॉलेजियम प्रणाली पर विचार करना चाहिए। हाईकोर्ट में रिक्त पदों को यथा शीघ्र भरा जाए। अंकल जज सिंड्रोम के खिलाफ भी प्रस्ताव पारित किया गया। कॉलेजियम से इस ओर ध्यान देने की मांग की गई। प्रस्ताव को सीजेआई और सुप्रीम कोर्ट के सभी न्यायाधीशों को भेजने का फैसला लिया गया न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के इलाहाबाद हाईकोर्ट में तबादले के खिलाफ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने अनिश्चितकालीन न्यायिक कार्य से विरत रहने की घोषणा कर दी है।

# मुख्यमंत्री और डीजीपी के आदेशों और निर्देशो को ठेंगा दिखाती पुलिस चौकिया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**लखनऊ ।** थाना सरोजनीनगर अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकियों का बुरा हाल नियमों को ताक पे रख कर चौकी प्रभारी कर रहे कार्य ,पुलिस विभाग के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और डीजीपी द्वारा कई बार निर्देशित व आदेशित करने के साथ साथ मीडिया के माध्यम से समाचार पत्रों और न्यूज़ चैनलो के माध्यम से सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों से कहा जा चुका है कि प्रत्येक थाने चौकियों में सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के नम्बर लिखे होने चाहिये जिससे कि पीड़ित को समस्या के समाधान हेतु दिक्कत का सामना न करना पड़े सभी थाने चौकियों पर उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ चौकी प्रभारी और थाना प्रभारी का भी सीयूजी नम्बर लिखा होना चाहिए लेकिन सरोजनी नगर की कुछ चौकियों में ये भी नही लिखा है कि यह चौकी है ये कुछ और किस थाने की चौकी है , इन चौकियों के प्रभारी के नाम नम्बर भी नही लिखे हुए है थाने का सीयूजी नम्बर भी नही हैं जिससे आम जनमानस को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं जब कि यह पुलिस चौकिया कई वर्षों से ऐसे ही हालत में हैं महत्वपूर्ण बात यह भी हैं कि मुख्यमार्ग पर स्थित पुलिस चौकियों पर अधिकारियों ने भी क्यों इसे नजर अंदाज किया क्या किसी अधिकारी की नजर इन पुलिस चौकियों पर नही गयी या कोई और अधिकारीगण अगर निरीक्षण के दौरान इस पर ध्यान क्यों नही देते कृपया सम्बंधित अधिकारीगण संज्ञान ले कर आवश्यक कार्यवाही हेतु आदेशित व निर्देषित करने का कष्ट करें और अगर कोई भी चौकी प्रभारी या थाना प्रभारी आदेश का पालन नही करता हैं तो उसके विरुद्ध विभागीय दंडात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित हो ।



# प्रधानमंत्री ने लोकसभा में की वैश्य समाज के सेवा भाव की प्रशंसा-गणेश केसरवानी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** केसरवानी वैश्य सभा के तत्वाधान में आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि केसरवानी वैश्य समाज की सेवा भाव के कारण ही आज प्रयागराज का नाम विश्व क्षितिज पर गूंज रहा है और पहली बार लोकसभा के अंदर प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने महाकुंभ के दौरान प्रयागराज की जनता के द्वारा खासकर वैश्य समाज के द्वारा की गई सेवा भाव की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और वैसे समाज के प्रति आभार व्यक्त किया । केसरवानी वैश्य सभा धर्मशाला बहादुरगंज में आयोजित इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महापौर ने कहा कि प्रयाग के पावन तट पर सिर्फ गंगा यमुना एवं सरस्वती का ही संगम नहीं होता यहां द्वापर और सतयुग का भी संगम होता है सतयुग में प्रभु श्री राम ने प्रयाग में ही यमुना पार की और केवट का उद्धार किया तथा इसी यमुना में द्वापरयुग में श्री कृष्ण ने अपनी तमाम लीलाएं भी की है । उन्होंने कहा कि प्रयागराज ना केवल ऊर्जा का स्रोत है वरन यहां महाकुंभ के दौरान तमाम दैवीय शक्तियां भी साक्षात विराजमान थी और दुनिया के कोने-कोने से आए लोगों की सेवा जिस प्रकार से प्रयाग के वैश्य समाज एवं सर्व समाज ने किया आज उसका गुणगान ना केवल भारत के कोने कोने मेँ वरन पूरी दुनिया में हो रहा है। महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि प्रयागराज अनादि काल से ही शिक्षा धर्म संस्कृति और अध्यात्म की राजधानी रही है यहां विश्व की सबसे प्राचीनतम विश्वविद्यालय महर्षि भारद्वाज आश्रम रहा जहां समस्त प्रकार के विज्ञान की शिक्षा दी जाती थी चाहे वह समुद्र विज्ञान हो अंतरिक्ष विज्ञान हो वैमानिक विज्ञान हो जंतु विज्ञान हो जीव विज्ञान हो अर्थशास्त्र हो समाजशास्त्र हो समस्त प्रकार की शिक्षा योग्य शिक्षकों के द्वारा यहाँ दी जाती थी ।समाज को एक नई दिशा देने का काम अनादिकाल से प्रयाग के पावन तट पर होता रहा है इसी क्रम में जब प्रयाग के महाकुंभ का आयोजन की बात हुई तो दो वर्ष




पूर्व से ही अरैल में नगर निगम के द्वारा शिवालय पार्क बनवाने का काम शुरू कर दिया गया है जो अपने आप में एक अद्भुत है इसी के साथ वही बगल में साहित्य तीर्थ की भी स्थापना की जा रही है जहां दुनिया भर के साहित्य प्रेमी जाकर चर्चा करेंगे इतना ही नहीं एक अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक विश्वविद्यालय भी प्रस्तावित किया गया है जिसके लिए प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार को प्रस्तावना भेज दिया गया है और हमें पूर्ण विश्वास है कि केंद्र सरकार इस पर जल्द ही सकारात्मक निर्णय लेते हुए अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक विश्वविद्यालय की स्थापना की मंजूरी देगी । महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि कोई भी संस्था निष्ठावान और ईमानदार लोगों के बलबूते पर ही चलती है और केसरवानी वैश्य सभा को सवा सौ साल हो गया है जो बड़े गर्व का विषय है और यह साबित करता है यहां जुड़े लोगों की ईमानदारी के बल पर ही यह संस्था आज फल फूल रही है और निरंतर प्रगति करते हुए समाज की सेवा में अग्रसर हो रही है इसके लिए इस संस्था से जुड़े लोग साधुवाद के पात्र हैं । समारोह के विशिष्ट अतिथि अनिल गुप्ता अन्नू भइया ने कहां की महापौर गणेश जी ने ऐतिहासिक सांस्कृतिक और धार्मिक राजधानी पप्रयाग के महात्म का जिस प्रकार से विस्तार से वर्णन करते हुऐ चर्चा की और उसके महत्व को दर्शाया वह अत्यंत ही सराहनीय है और इस महाकुंभ के दौरान पूरे विश्व के लोगों ने जिस प्रकार प्रयागराज के तट संगम तट पर पहुंच कर इस धर्म नगरी का मान बढ़ाया और प्रयाग के निवासियों ने और खासकर केसरवानी वैश्य समाज नें जिस प्रकार से आगत करोड़ों लोगों की सेवा की वह अद्भुत और ऐतिहासिक रहा है। सभा की अध्यक्षता करते हुए केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष राम जी के केसरवानी ने सभा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उसके द्वारा किया जा रहे तमाम कार्यों की विस्तार से चर्चा की और अपने सभा के द्वारा किए जा रहे किए कार्यों को विस्तार से बताया और आगत अतिथियों से समाज की सेवा हेतु बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की जिस पर सभा के सदस्य रविंद्र केसरी ने अंदावा स्थित अपनी 800 वर्ग जमीन सभा को दान देने की घोषणा की जिस पर समाज के एवम सभा के तमाम लोगों ने उन्हें धन्यवाद दिया । सभा के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने भी सभा के इतिहास और उसके द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा करते हुए वर्तमान पदाधिकारी द्वारा किए जा रहे तमाम विकास कार्य और समाज हित में किये जा रहे कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की सभा का संचालन प्रमुख मंत्री सुनीर केसरवानी ने किया , सभा का आय व्यय व सभा के द्वारा किए गए कार्यों को संक्षेप में धर्मशाला प्रबंधक रवि गुप्ता ने बताया तथा अंत में सभा के समापन की घोषणा केसरवानी वैश्य सभा (धर्मशाला) के अध्यक्ष रजनीश केसरवानी ने करते हुए आगत अतिथियों का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम के दौरान सभा के पूर्व अध्यक्ष अशोक गुप्ता पूर्व अध्यक्ष गोरखनाथ पूर्व अध्यक्ष हरिश्चंद्र गुप्ता भाई जी पूर्व अध्यक्ष शिवनाथ गुप्ता संगम लाल केसरवानी राकेश केसरवानी राजेन्द्र गुप्ता प्रेम नारायण केसरवानी अनूप केसरवानी बैजनाथ केसरवानी जय प्रकाश आर्य सुरेंद्र गुप्ता सुभाष गुप्ता नंद किशोर ठाकुर दीन केसरवानी ट्रस्ट के मंत्री सुनील केसरवानी पप्पू कटरा उत्तर प्रदेश केसरवानी वैश्य समिति के अध्यक्ष मिर्जापुर के अशोक केसरवानी कृष्ण मोहन गुप्ता सुभाष केसरवानी बिल्डर दिनेश केसरवानी चाकघाट नीरज केसरवानी सभासद शिव बालक लव कुश केसरवानी राजेश केसरवानी आदि लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
कौशलं बलम्
NAINI ALLAHABAD
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है


नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
ALL TYPE PRINTING SOLUTION Enjoy Publicity



# प्रदेश आस/पास



भारत

# विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष और सचिवों का हुआ उन्मुखीकरण

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र(घोरावल)।** जनपद के ब्लाक संसाधन केन्द्र घोरावल के प्रशिक्षण हाल में विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष और सचिवों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का प्रारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने मां वीणापाणि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से विद्यालय को सुचारू रूप से चलाने हेतु विद्यालय में पन्द्रह सदस्यीय कमेटी होती है, जो विद्यालय संचालन हेतु उत्तरदायी होती है। अभी हाल ही में कमेटी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं , उनके कर्तव्य और अधिकार को बताने हेतु एक दिवसीय उन्मुखीकरण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें उन्हें विद्यालय विकास से सम्बंधित चीजों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एआरपी दीनबन्धु त्रिपाठी ने बताया कि विकासखंड घोरावल के सभी दो सौ इक्यावन विद्यालयों के अध्यक्ष और सचिवों का प्रशिक्षण क्रमवार कराया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में बालिका शिक्षा, ड्रापआउट छात्र,नयी शिक्षा नीति, स्थानीय प्राधिकारी,एसएमसी के वित्तीय दायित्व, आपरेशन कायाकल्प, गुणवत्तापूर्ण एमडीएम,सामुदायिक सहभागिता आदि के बारे में सन्दर्भदाताओं ने प्रशिक्षण प्रदान किया। सन्दर्भदाता के रूप में सुनील कुमार मौर्य, दिनेश मिश्रा, शैलेन्द्र राव व के.के.गुप्ता रहे।



# बेकाबू होकर सड़क पर पलटी बाइक, चाचा-भतीजे की मौत; शादी का कार्ड बांटकर लौट रहे थे घर

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**चंदौली।** चंदौली जिले में बड़ा हादसा हुआ। इसमें चाचा-भतीजे की मौत हो गई। घटना से परिवार में मातम पसर गया। दोनों शादी का कार्ड बांटने के लिए घर से निकले थे। वापस लौटते समय हादसा हुआ। चंदौली जिले के सैयदराजा थाना के जेठमलपुर गांव स्थित काले खां मजार के पास दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हादसे में बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। मुस्तफापुर गांव निवासी नौशाद अपने भतीजे सारे आलम के साथ आलमपुर जमानियां से घर लौट रहे थे। दोनों शादी का कार्ड बांटने के लिए निकले थे। जैसे ही दोनों काले खां मजार के पास पहुंचे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में नौशाद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल सारे आलम को जिला अस्पताल ले जाया गया। सारे आलम की हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जनसुनवाई पर आए 24 शिकायतो का हुआ निस्तारण

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** उ0प0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4, नगर पंचायत घोरावल में1, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 3, नगर पंचायत रेनुकूट में 3. नगर पंचायत पिपरी में 4. नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बाजार में 1. नगर पंचायत अनपरा में 1. समस्त निकायों में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है उक्त अवसर पर जेई मनीष कुमार सभासद अनवर अली मनोज चौबे धनराज जैन अजीत सिंह विमलेश कुमार संत सोनी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।




# 915 सीटों पर पीजी और पीएचडी एडमिशन शुरू, आवेदन की आखिरी तारीख जान लें

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 7 अप्रैल को है। यहां 915 सीटों पर पीजी और पीएचडी में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आईआईटी बीएचयू में 915 सीटों पर पीजी और पीएचडी एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एमटेक, एमफार्मा में 575 सीटों और पीएचडी में 340 सीटों पर दाखिले होंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 7 अप्रैल शाम 5 बजे तक है। प्रवेश के लिए योग्यता बीटेक या समकक्ष डिग्री होनी चाहिए। पीएचडी प्रवेश के लिए एमटेक और एम फार्मा के साथ ही गेट या जीपैट क्वालिफाइड होना चाहिए। इस प्रोग्राम से प्रवेश पाने वालों का सत्र इस साल जुलाई महीने से शुरू होगा। इसे ऑड सेमेस्टर प्रोग्राम भी कहा जाता है। मास्टर प्रोग्राम के तहत आईआईटी बीएचयू के 16 विभागों में प्रवेश होगा। सबसे ज्यादा सिविल इंजीनियरिंग विभाग में 74 सीटों पर एमटेक कोर्स में प्रवेश लिया जाएगा। केमिकल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में 59-59 सीटों, इलेक्ट्रॉनिक्स में 54, फार्मास्यूटिकल इंजीनियरिंग विभाग में 49, मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग में 44, माइनिंग इंजीनियरिंग में 36, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में 30, मटेरियल साइंस एंड टेक्नोलॉजी में 24, बायो इंजीनियरिंग इन मेडिकल डिवाइस में 20, सिरेमिक इंजीनियरिंग में 19 सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। सिस्टम इंजीनियरिंग, डिसिजन साइंस, बायो केमिकल और बायो मेडिकल इंजीनियरिंग में एमटेक में 12-12 सीटों पर एडमिशन लिया जाएगा। इन सीटों में सभी पांच वर्ग सामान्य, एसएसी, एसटी और ईडब्ल्यूएस की सीटें शामिल हैं। जबकि इसमें फिजिकली चैलेंज्ड अभ्यर्थियों के लिए 5 फीसदी सीटें आरक्षित की गईं हैं। केमिकल इंजीनियरिंग और सिरेमिक इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए किसी भी स्पेशलाइजेशन की जरूरत नहीं है। आठ विषयों में स्पेशलाइजेशन चाहिए। पांच इंटर डिसीप्लीनेरी कोर्स के तहत प्रवेश लिया जा रहा है। इसमें भी कोई स्पेशलाइजेशन की मांग नहीं की गई है। सबसे ज्यादा 74 सीटों पर सिविल इंजीनियरिंग विभाग में प्रवेश दिया जा रहा है। सात तरह की स्पेशलाइजेशन की मांग की गई है। हाइड्रॉलिक्स एंड वाटर रिसोर्स इंजीनयिरिंग, जियो केमिकल, स्ट्रक्चरल, एनवार्यमेंट, ट्रांसपोर्टेशन, जियो इंफॉर्मेटिक्स और इंजीनियरिंग जियो साइंस से बीटेक होना चाहिए। यदि बीटेक के बजाय जियोलॉजी से बीएससी किया हो तो गेट क्वालिफाइड जरूरी है।



# उद्योग व्यापार संगठन ने मनाया होली मिलन समारोह

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** सोनभद्र उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के बैनर तले रविवार की शाम नगर स्थित एक होटल में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सत्येंद्र राय को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह प्रदान कर एवं माल्यार्पण कर संगठन के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने स्वागत किया। इस अवसर पर नगर के व्यापारियों में अलग ही उत्साह देखने को मिला लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी एवं गले मिलकर एक दूसरे का अभिवादन किया फागुन के गीत जैसे होली आई रे कन्हाई एवं होली के दिन दिल खिल जाते हैं रंगों में रंग मिल जाते हैं जैसे गीतों पर लोग थिरकते नजर आए। उपरोक्त अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष ने पदाधिकारीयो को साधुवाद देते हुए कहा कि भारत के अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ है व्यापारी जिस तरह स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में स्वतंत्रता सेनानियों को आर्थिक मदद कर व्यापारियों ने देश को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कराया आज भी व्यापारी इस कर्तव्य निष्ठा से काम कर समय पर टैक्स देकर अपने देश को आर्थिक दौर पर और मजबूत करने की दिशा में अग्रसर है इस मंच के माध्यम से उन्होंने विश्वास दिलाया कि अगर भविष्य में किसी भी व्यापारी के साथ अन्याय हुआ तो हम सड़क पर उतरेंगे और जब तक न्याय नहीं मिल जाता तब तक संघर्ष करते रहेंगे श्री शर्मा ने आगे कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए व्यापारियों में एकता एवं भाईचारे की भावनाओं को जागृत करना होगा आपस में किसी भी तरह की ईर्ष्याकी भावना को खत्म करना होगा और व्यापारी हित में सभी को मिलकर काम करना होगा तभी इस देश का व्यापारी मजबूत हो सकेगा त् उन्होंने कहा कि होली आपसी भाईचारा प्रेम सौहार्द का त्यौहार है होली के रंग उत्साह एवं उमंग के प्रतीक हैं बसंती उल्लास की रसधार में भीगने एवं भिगोने का नाम फगुआ है इस समय प्रकृति अपने साथ नए अनुदानों के रंग एवं नए आशीशों की महक लेकर आता है इसके आगमन से प्रकृति भी पुलकित होती है उन्होंने कहा कि प्रकृति की यह खुशी पलाश के चटक रंगों सरसों के बासंती परिधानों से छलक रही है आम्र के कोमल पल्लवो के बंदनवार इसके स्वागत में सजे हैं आम्र मंजरी की महक प्रकृति की प्रसन्नता बनकर सब और बिखर रही है बसंत के इस अनुपम स्वागत में भ्रमर गीत कोयल के पंचम सुर के साथ लयबद्ध हो रही है प्राकृतिक दृष्टि से बसंत के आगमन की खुशी में पेड़ पौधे पुराने परिधान के रूप में पत्ते त्याग देते हैं एवं नए परिवेश के स्वागत के लिए पत्र एवं पुष्पों का नव सृजन करते हैं यानी पूरी प्रकृति नव पल्लवित आभा से शोभायमान होती है उन्होंने मंच के माध्यम से जिला एवं पुलिस प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि अधिकारियों को सूझबूझ सजगता एवं सतर्कता से जिले में कोई दुखद घटना नहीं घटी वरना इस माह उल्लास के बीच पूर्व में कई हृदय विदारक घटनाएं घट चुकी है जो अंतरात्मा को विशाद-अवसाद की चरम अवस्था की ओर ले जाती हैं आइए हम सब मिलकर शपथ ले की उत्साह की जगह अवसाद ना हो निर्दोषों का रुदन क्रंदन न हो क्रूरता एवं बर्बरता ना हो एवं ना हो निर्दोषों का रुदन उनके शिष्य इस पीड़ा को और भी सदन कर देती है इसलिए हम सब मिलकर सजल संवेदना की मीठी तान छेड़े जिससे प्रकृति के साथ-साथ मानवता भी पुलकित हो सके और यह बसंत हम सब पर अपने अनुदानों के रंग एवं आशीषों की महक उड़ेले बिना न रह सके मंच का संचालन नगर अध्यक्ष प्रशांत जैन एवं आभार जिला महामंत्री प्रितपाल सिंह ने व्यक्त किया इस अवसर पर मुख्य रूप से शरद जायसवाल, प्रशांत जैन, कौशल शर्मा ,दीप सिंह पटेल, राजकुमार जायसवाल, अमित अग्रवाल, प्रितपाल सिंह ,सूर्य जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, राजेश जायसवाल, अभिषेक साहू, रवि कुमार जायसवाल, नागेंद्र मोदनवाल, गुरप्रीत सिंह सोखी, कृष्णा सोनी ,विनोद जायसवाल, अभिषेक केसरी, पंकज कनोडिया, प्रमोद कुमार गुप्ता ,धर्मेंद्र प्रजापति, दिनेश कुमार सिंह, अमित वर्मा, जसकीरत सिंह ,सिद्धार्थ सांवरिया, जसराज सिंह ,शुभम चौरसिया, प्रणव चौबे, अर्पण बांका ,प्रदीप जायसवाल, अभिषेक सोनी, मुकेश सोनी, कुशाग्र शर्मा ,यशपाल सिंह, धर्मराज सिंह ,अजय जैन, प्रमोद राय ,प्रतीक केसरी ,शिवम केसरी, अमित जायसवाल, विनोद जालान, राजेश मिश्रा, आदि लोग मौजूद रहे।



# प्रदेश सरकार के विगत आठ वर्ष में ''सेवा, सुरक्षा और सुशासन'' की दिशा में अर्जित अभूतपूर्व उपलब्धियों से जनसामान्य को अवगत कराने हेतु तीन दिवसीय समारोह का भव्य तरीके से होगा आयोजन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री0 बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार के विगत आठ वर्ष में ''सेवा, सुरक्षा और सुशासन'' की दिशा में अर्जित अभूतपूर्व उपलब्धियों से जनसामान्य को अवगत कराने हेतु आगामी 25, 26 एवं 27 मार्च, 2025 को विकास भवन स्थित पंचायत रिसोर्स सेन्टर, सोनभद्र पर भव्य समारोह आयोजित कर शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी जायेगी, कार्यक्रम प्रतिदिन 02 पालियों में आयोजित होंगें, प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से सायं 05 बजे तक होगी, मध्यान्ह काल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें कलाकारों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी, प्रथम दिवस को आगंतुकों का स्वागत, पंजीकरण और बैठक व्यवस्था, नोडल अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा किया जायेगा, प्रातः 10:00 बजे उद्घाटन सत्र दीप प्रज्वलन सोहन लाल श्रीमाली, मा0 उपाध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग द्वारा किया जायेगा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उपायुक्त मनरेगा होंगें, इस दौरान प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तैयार की गयी विशेष लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जायेगा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास से सम्बन्धित कार्यक्रम और प्रमाण पत्र वितरण मुख्य चिकित्साधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कराया जायेग, दोपहर मध्यांतर में सांस्कृतिक कार्यक्रम (विद्यार्थियों की प्रस्तुति) नृत्य, गीत, संगीत जिला विद्यालय निरीक्षक,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला पर्यटन अधिकारी के सहयोग से किया जायेगा, अपरान्ह 3:00 बजे से पंचायत विभाग, डूडा और नगर निकाय से सम्बन्धित कार्यक्रम और प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम जिला पंचायत राज अधिकारी,परियोजना अधिकारी डूडा एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद द्वारा किया जायेगा। द्वितीय दिवस-26 मार्च, 2025 को श्री रवीन्द्र जायसवाल जी. मा0 प्रभारी मंत्री, जनपद सोनभद्र द्वारा केन्द्र सरकार के 10 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के 08 वर्ष की अवधि में लोकार्पित और शिलान्यास किये गये परियोजनाओं की प्रदर्शनी एवं विभिन्न विभागों की योजनाओं के स्टाल का अवलोकन तथा नवीन पूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं नयी परियोजनाओं का शिलान्यास का कार्यक्रम नव गठित मत्स्य जीवी सहकारी समिति के प्रमाण-पत्र का वितरण,प्रधानमंत्री आवास के स्वीकृति पत्र का वितरण,दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, उपकरण वितरण,टैबलेट का वितरण,स्वच्छता किट वितरण, मिशन श्रमिक कल्याण के अन्तर्गत श्रमिकों के कल्याणार्थ हेतु चलायी जा रही योजनाओं आदि की जानकरी उपलब्ध कराना नोडल अधिकारी जिला विकास अधिकारी,उप श्रमायुक्त दोपहर मध्यांतर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लोक नृत्य प्रस्तुत किया जायेगा, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना आदि के लाभार्थियों को टूलकिट एवं ऋण वितरण तथा प्रगतिशील व्यापारियों व लघु उद्यमियों का सम्मान, कृषि विभाग से सम्बन्धित कार्यकम और प्रमाण-पत्र वितरण कराया जायेगा। इसी प्रकार से तृतीय दिवस-27 मार्च, 2025 को महिला सशक्तीकरण से सम्बन्धित कार्यकम और प्रमाण पत्र का वितरण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से सम्बन्धित कार्यकम,प्रमाण पत्र वितरण किया जायेगा, लीड बैंक (बैंकिंग, लोन, इन्श्योरेंस) से सम्बन्धित कार्यकम और प्रमाण पत्र वितरण किया जायेगा, दोपहर मध्यांतर में सांस्कृतिक विभाग में पंजीकृत दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जायेगी, समापन सत्र एवं सम्मान समारोह संजीव गोंड़, मा0 राज्य मंत्री समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण द्वारा किया जायेगा।



# अधिवक्ता हितों के लिए एक जुट हो देश के अधिवक्ता--राकेश शरण मिश्र

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** अधिवक्ता हितों के लिए देश के अधिवक्ताओं को एक जुट होना पड़ेगा और एक मंच पर एक बैनर के तले आना होगा तभी अधिवक्ता हितों का संरक्षण संभव हो पाएगा। उक्त बातें संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के उत्तर प्रदेश एवम मध्य प्रदेश के संयुक्त अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहीं। श्री मिश्र ने अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि संयुक्त अधिवक्ता महासंघ राष्ट्रीय स्तर पर अधिवक्ता हितों की हर प्रकार की लड़ाई लगातार लड़ रहा है और आगे भी लड़ता रहेगा । इसके पूर्व मंचासीन अतिथियों द्वारा ओरछा सरकार राजा रामचंद्र की प्रतिमा एवम कन्या पूजन कर सम्मेलन की विधिवत शुरआत की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान,राष्ट्रीय संरक्षक सर्वजीत सिंह सूर्यवंशी,वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री हरिनाथ पाठक, सेवा निवृत जिला जज अरुण सिंह उपस्थित रहे। सम्मेलन में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश बार कौंसिल के पूर्व चेयरमैन एवम सदस्य राजेश पांडेय उपस्थित रहे एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रबल प्रताप सिंह चौहान, राष्ट्रीय सचिव राजकुमार दुबे, युवा प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा सिंह राजपूत एवम सागर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश दुबे, सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता पूनम आनंद मंचासीन रहे। सम्मेलन में मध्य प्रदेश इकाई संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष साक्षी गोपाल दीक्षित ने आए हुए सभी अधिवक्ता साथियों का स्वागत संबोधन करते हुए कहा कि संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के इस सम्मेलन में आए हुए सभी अधिवक्ता साथियों का मैं मध्य प्रदेश एवम उत्तर प्रदेश की तरफ से हार्दिक स्वागत एवम अभिनंदन करता हूं। तत्पश्चात मंचासीन सहित सभी उपस्थित अधिवक्ता साथियों का माल्यार्पण करवा कर स्वागत किया। सम्मेलन का संचालन मध्य प्रदेश इकाई संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के वरिष्ठ प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र सिंह बैंस ने किया। सम्मेलन में मंचासीन सहित आए हुए सभी अधिवक्ताओं ने एक स्वर से संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के बैनर तले तन मन धन से अधिवक्ता हितों की हर लड़ाई को एक जुट होकर लड़ने का संकल्प लिया। सम्मेलन में मुख्य रूप से अधिवक्ता जगन्नाथ प्रसाद अवस्थी प्रांतीय सचिव मध्य प्रदेश, सोनभद्र से महासंघ के उत्तर प्रदेश संगठन सचिव उमापति पांडेय, प्रयागराज हाई कोर्ट के अधिवक्ता एवम जिला सचिव विकास मिश्रा,महासंघ मध्य प्रदेश के महामंत्री जय देव राज कोल्हटकर,ललितपुर से अधिवक्ता अजय चतुर्वेदी एवम मुकेश चतुर्वेदी, भोपाल से संभाग अध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह एवम अधिवक्ता रजनीश जैन,मध्य प्रदेश से युवा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नीलिमा राजपूत, इटावा से अधिवक्ता अजय कुमार मिश्र एवम अंबारिश पांडेय उपस्थित रहे।



# गंगा के लिए जर्मन गुरु थामस की अनूठी भेंट, गंगा में छोड़ी 10 हजार मछलियां

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**वाराणसी।** वाराणसी के नमो घाट पर मंगलवार को गंगा में 10 हजार मछलियों को छोड़ा गया। जर्मनी के आध्यात्मिक गुरु थामस गेरहार्ड ने मछलियों को गंगा में छोड़कर स्वच्छ गंगा का संदेश दिया। गंगा नदी को स्वच्छ और पवित्र बनाए रखने के लिए सरकारें लगातार प्रयास कर रही हैं, लेकिन इस बार वाराणसी में एक अनोखा और प्रेरणादायक कदम देखने को मिला। जर्मनी से आए आध्यात्मिक गुरु थामस गेरहार्ड ने गंगा की निर्मलता के लिए एक खूबसूरत संदेश दिया। उन्होंने गंगा के पानी में 10,000 मछलियां छोड़ीं, जो नदी की गंदगी को साफ करने में मदद करेंगी। थामस के साथ थाईलैंड की अजान यानरवी चंद्रकद मोत्री, जिन्हें प्यार से 'बड़ी मां' कहते हैं, और 15 अन्य लोग भी इस नेक काम में शामिल हुए। थामस ने कहा कि काशी जैसे पवित्र शहर में यह कदम उठाकर वे गंगा को स्वच्छ बनाने का संदेश देना चाहते हैं।काशी की आध्यात्मिकता से प्रभावित थामस ने इसे दुनिया का सबसे खास आध्यात्मिक शहर बताया। होली सोल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष जनार्दन यादव ने बताया कि थाईलैंड की ठबड़ी मांठ ट्रस्ट की संरक्षक हैं और इस बार वे थामस के साथ काशी आईं। इन मछलियों को खास तौर पर इसलिए चुना गया, क्योंकि ये गंदगी को खाकर नदी को साफ रखती हैं। इस तरह काशी से एक वैश्विक संदेश देने की कोशिश की गई है। थामस ने एक बातचीत में कहा कि उनका मकसद गंगा की सफाई के साथ-साथ सनातन धर्म और हिंदू संस्कृति को गहराई से समझना भी है। वे विभिन्न धर्मों का अध्ययन कर चुके हैं और अब हिंदू वेदों की ओर आकर्षित हुए हैं। काशी में उन्हें शांति और सुकून का अनुभव हो रहा है। उनके लिए वाराणसी न सिर्फ खूबसूरत है, बल्कि परंपराओं से भरा एक ऐसा शहर भी है, जहां हर कोने में भारतीय संस्कृति की झलक दिखती है।



# सपा, बसपा, कांग्रेस सब मिलकर लड़ें फिर भी बीजेपी की ही सरकार तीसरी बार बनेगी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**वाराणसी।** वाराणसी पहुंचे डिप्टी सीएम विपक्ष पर जमकर बरसे। उन्होंने प्रदेश सरकार के आठ साल कार्यकाल पूरा होने पर सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाईं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को वाराणसी पहुंचे। वे सीधे सर्किट हाउस पहुंचे और भाजपा पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने प्रेसवार्ता किया। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस सब मिलकर लड़ें फिर भी भाजपा की ही सरकार तीसरी बार बनेगी। डिप्टी सीएम ने उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं और काशीवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार के ये आठ वर्ष सफल रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सकरार के आठ वर्ष काशी में विकास की दृष्टि से नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि जो भ्रष्टाचार करेगा उस पर कार्रवाई होगी। कांग्रेसमुक्त भारत का काम हो ही रहा है। यूपी में कांग्रेस नहीं है। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास लेकर काम कर रही है। कहा कि राजीव गांधी कहते थे कि हम एक रुपया भेजते हैं तो 15 पैसा पहुंचता है। वह यह बात गर्व से कहते थे। आज पीएम एक रुपया भेजते हैं तो पूरा रुपया डिजिटल के माध्यम से पहुंचता है। डिप्टी सीएम ने कहा कि काशी में एयरपोर्ट से रोजाना हजारों यात्रियों का आवागमन है। यहां के रेलवे स्टेशन चर्चा का विषय बनते हैं। 2014 से पहले काशी बदहाली की अवस्था में थी। आज ओवर्बिरज, घाट, कॉरिडोर, 8 सालों में 40 हजार करोड़ की 458 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं। 15 हजार करोड़ की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। हमने काशी के लिए खजाने का मुंह खोलकर रखा है। जितना हम आप सोचते हैं उससे अधिक काशी के विकास की चिंता पीएम और सीएम करते हैं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार में महिला शसक्तीकरण ने नई ऊंचाइयां छुई है। अन्नदाता की आय बढ़ाने के लिए कदम उठाए गए। पारदर्शी तरह से नौकरियां दी गईं। पीएम ने विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश का रोडमेप सामने रखा। उस पर सरकार लगातार काम कर रही है। कहा कि 2017 से पहले यूपी गुंडा, माफियाओं का प्रदेश था बीमारू प्रदेश था। अब उससे बाहर निकल आया है और नवयुग में प्रवेश किया है। पंडित दीनदयाल के दिखाए मार्ग पर चलकर हम अंत्योदय से सर्वोदय की ओर बढ़े हैं। गरीबी रेखा से हमने यूपी में 6 करोड़ लोगों को बाहर निकाला। पीएम आवास योजना में देश में यूपी नंबर एक पर है। पूर्व की सरकारों में मासिक पेंशन तक में भी भ्रष्टाचार था। पीएम उज्ज्वला योजना के तहत यूपी नंबर एक पर है। एक करोड़ 56 लाख लोगों को इसका लाभ मिला है। कहा कि दो करोड़ 62 लाख शौचालय बनाकर यूपी प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।



# सोनभद्र, मिर्जापुर



## अधर्म ज्यादा बढ़ जाता है तो प्रभु श्री नारायण को जन्म लेना पड़ता है:शिवानी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** रावटसगंज ब्लॉक के सिद्ध विजयगढ़ में चाल है श्री



अभिषेकात्मक रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के आचार्य पंडित सौरभ भारद्वाज ने बताया श्री राम कथा के लिए शिवानी देवी के द्वारा श्री राम जन्म के कारण बताते हुए मानस की चौपाई जब जब हुई धर्म के हानि। बाढै असुर अधम अभिमानी अर्थात जब धर्म के अपेक्षा अधर्म ज्यादा बढ़ जाता है तो प्रभु श्री नारायण को जन्म लेना पड़ता है जब मनुष्य बड़े बुजुर्गों का सम्मान एवं एवं अभियान करने लगता है या धन का रूप का सौंदर्य का तो अभिमान भगवान का भोजन है इसलिए अभिमान नहीं करना चाहिए यहीं पर आचार्य के द्वारा प्रवचन में बताया गया राजा दशरथ को चौथेपन में गुरु के आशीर्वाद से चार संतान पुत्र के रूप में प्राप्त हुए मानस की चौपाई गुरु ग्रृह गयऊ तुरत महीपाला चरण लागीकर विनय विशाला अपने गुरुदेव से सच्ची निष्ठा प्रेम के द्वारा गुरु का आशीर्वाद प्राप्त हुआ इसलिए हर मनुष्य को चाहिए कि अपने गुरु के प्रति सौहार्द प्रेम निष्ठा बनाए रखें जिससे सभी का कल्याण होता है पेपर यज्ञ के रुद्राभिषेक करने वाले यजमान राजपूत करणी सेना के रामनारायण सिंह मनोज सिंह रोहित सिंह रामेश्वर सिंह के सुपुत्र के द्वारा गांव के अति प्राचीन शिव जी का श्रृंगार एवं दूध गंगाजल से अभिषेक किया गया 11 वैदिक विद्वानों के द्वारा क्षेत्र गूंजयमान हो रहा है गांव के वर्तमान प्रधान पति नंदलाल मोर्य ललन सिंह पंडित शारदा तिवारी ओमप्रकाश तिवारी संजीव सिंह उर्फ संजू शिव गुरु टेंट हाउस के मालिक देव सहित हजारों भक्त उपस्थित रहे श्री राम कथा के लिए 3 दिन प्रवचन करने आ रहे देवरिया उत्तर प्रदेश से क्रांतिकारी श्री राम कथा वाचक अखिलेश मणि संदली का आगमन 27 मार्च से 29 तक होगा एवं पूर्णाहुति विशाल भंडारा भी किया जाएगा।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष व शहर अध्यक्ष का किया स्वागत

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** जिला कार्यालय सोनभद्र पर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ एवं शहर अध्यक्ष हाजी



फरीद अहमद का स्वागत समारोह निवर्तमान प्रदेश सचिव इंद जितेंद्र कुमार पासवान की अध्यक्षता मे किया गया स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व चेयरमैन पंद अजय शेखर ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व बहुत कुछ देख समझ कर निर्णय लेता है नेतृत्व का निर्णय जो हमारे बीच मे रामराज सिंह गोड व हाजी फरीद अहमद के रूप मे है कबीले तारीफ है जिसके लिए सोनभद्र कॉग्रेस के लोग नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं । ईश्वरी नारायण सिंह पूर्व पीसीसी सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा आजपिछड़ा ,दलित ,अल्पसंख्यक , कॉग्रस पार्टी की तरह देख रहा है हमे सिर्फ उनतक पहुंचाना है । निद प्रदेस सचिव जितेंद्र पासवान ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा जनपद आदिवासी बाहुल जनपद है रामराज सिंह गोड़ को जिलाध्यक्ष बनाकर यह संदेश देने का प्रयास किया कि कौंग्रेस आदिवासियों के साथ है साथ ही हाजी फरीद अहमद अल्पसंख्यक समुदाय से आते हैं जिन्हें शहर का कमान सौपा गया है जो आने वाले 2027 के विधान सभा चुनाव की मुक्कमल तैयारी व्ग् एक बानगी है, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जगदीश मिस्र ने कहा कि आप दोनों को जो जिम्मेदारी शीर्ष नेतृत्व ने दिया है उसे आप दोनों लोग बखुबी निभाएंगे । पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एन एस यू आई राघवेन्द्र नारायण ने कहा विधानसभा का चुनाव आनेवाला है ऐसे मे यहा का दलित और मुस्लिम सिर्फ वोटर ही नहीं रहेगा बल्कि नेतृत्व भी करेगा राहुल गाँधी जी नेतृत्व का निर्णय सराहनीय है । जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि नेतृत्व ने जो हमे जिम्मेदारी दी है उसे हम लोग पूरी ईमानदारी लगन से निभाएंगे. ग्राम प्रधान पूर्व महासचिव शारद पानीका व पूर्व महासचिव बाबूलाल पानीका ने कहा कि कौंग्रेस पार्टी ने हम आदिवासियो पर जो भरोसा दिखाया है जिसके लिए हमारा समाज आभारी है ज्म्म् सदस्य बेबी सिंह, ग्राम प्रधान बबीता देवी, ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शहर अध्यक्ष स्वागत करते हुए कहा आप दोनों लोग अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाएंगे, इस अवसर पर मनोनीत रवि पास मनोनीत रवि पीसीसी सदस्य प्रदीप चौबे, श्रीकांत मिश्रा, शीतला पटेल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लल्लू पांडे, रामेश्वर यादव, शशांक मिश्रा, वीरेंद्र शुक्ला, रोहिल मिश्रा,मदन गुप्ता, रामविलास पानीका , रेखा, शांति विश्वकर्मा , उषा चौबे जितेंद्र पांडे, राकेश मिश्रा, राजेंद्र चौधरी, राजबली पांडे, रामप्यारे गोंड , अनीता गोंड, बहादूर पूर्व प्रधान सैकड़ों अन्य रहे लोग उपस्थित रहे।

## दुद्धी में पत्रकारों ने एस डी एम व तहसीलदार के संग फूलों की खेली होली

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** दुद्धी सोनभद्र डी आर होटल में पत्रकारों द्वारा आयोजित ठ पत्रकार होली मिलन समारोह ठ का आयोजन किया गया। फूलों की होली मिलन समारोह कार्यक्रम




के मुख्यतिथि उप जिलाधिकारी दुद्धी न्यायिक अश्वनी कुमार ने सभी पत्रकारों पर फूलों की वर्षा के बीच उद्बोधन में कहां की एक यही रंग अबीर गुलाल का पावन पर्व ठ होली ठ है जो बीना समूह के होली नहीं खेली जाती, आपसी भाईचारा एवं शांति सौहार्द का प्रतीक है होली का त्यौहार। प्रशासन की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था एवं सूझबूझ से ठ होली ठ का त्यौहार शांति पूर्वक संपन्न हुआ। इसके लिए प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। न्यायिक एसडीएम ने दुद्धी में पत्रकारों द्वारा आयोजित प्रथम होली मिलन समारोह में सम्मिलित होने पर खुशी जाहिर की और आयोजक मंडल को शानदार कार्यक्रम के लिए बधाई दिया। साथ हीं होली की शुभकामनाएं दी । विशिष्ट अतिथि दुद्धी तहसीलदार ज्ञानेंद्र यादव ने कहाँ की पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है बिना पत्रकारों के लोकतंत्र की परिकल्पना ही नहीं की जा सकती। विषम परिस्थिति में भी पत्रकार करते हैं समाज की सेवा जो प्रशंसनीय हैं । विशिष्ट अतिथि रामेश्वर प्रसाद राय भाजपा जिला सहकारिता जिला संयोजक ने कहाँ पत्रकारों द्वारा पहली बार प्रशासन व पत्रकारों के बीच फूलों की होली संग उपस्थित रहना गर्व की अनुभूति के बीच समाज को समरसता का संदेश देता है। हर परिस्थिति से जूझकर बिना स्वयं के लाभ की चिंता किए प्रशासन व समाज के मध्य सत्यता को उजागर करता है पत्रकार। प्रभारी निरीक्षक कोतवाल मनोज सिंह ने कहां की पत्रकारों के द्वारा सूचनाओं का आदान-प्रदान द्वारा प्रशंसनिक सहयोग प्राप्त होता है। हम आप सभी के सुरक्षा के लिए कृत संकल्प है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत दुद्धी अध्यक्ष कमलेश मोहन द्वारा किया गया और कार्यक्रम की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए ऐसे आयोजन करते रहने की अपेक्षा पत्रकार गणों से किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ जायसवाल ने कहां की पत्रकारों को किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है बिना जोखिम के कोई कार्य नहीं किया जा सकता प्रशासन भी जोखिम उठाता हैं हमें भी सत्य उजागर के लिए जोखिम उठाना चाहिए। वाह क्या बात पत्रिका के संपादक डॉक्टर ए के गुप्ता ने कहा कि हमारा जमीर हमें कलम के साथ न्याय करने के लिए उत्प्रेरित करता है। अतिथि आभार वंदन वरिष्ठ पत्रकार मस्तराम मिश्रा द्वारा करते हुए कहाँ की ठएक डरा हुआ पत्रकार लोकतंत्र में मरा हुआ नागरिक पैदा करता है। ठकार्यक्रम का प्रारंभ ब्यूरो चीफ जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी द्वारा मां सरस्वती के वंदना गीत से प्रारंभ किया गया व फूलों की होली मिलन समारोह कार्यक्रम का संचालन किया गया। मुख्य अतिथि का अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण कर स्वागत वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र कुमार तिवारी द्वारा किया गया, जबकि विशिष्ट अतिथि तहसील दुद्धी का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्रम वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ जयसवाल द्वारा किया गया जबकि नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश महल का माल्यार्पण अंगवस्त्रम अनादी डिजिटल चैनल के पत्रकार दीपक कुमार जायसवाल द्वारा किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दुद्धी का माल्यार्पण तरुण मित्र अख़बार के ब्यूरों पत्रकार मस्तराम मिश्रा द्वारा किया गया। वाह क्या बात है पत्रिका के संपादक डॉक्टर ए के गुप्ता का माल्यार्पण व अंग वस्त्रम दैनिक भास्कर के पत्रकार राकेश गुप्ता द्वारा किया गया। जबकि क्रय विक्रय समिति के पूर्व सचिव विंध्यवासिनी प्रसाद का माल्यार्पण व अंगवस्त्रम विंढमगंज पत्रकार ओम प्रकाश रावत द्वारा किया गया। अतिथियों व पत्रकारों द्वारा एक दूसरे पर पुष्पों की वर्षा कर पहली बार होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शाह द्वारा पत्रकार होली मिलन समारोह की शुभकामनाएं ज्ञापित की इस दौरान पत्रकार सम्मिलित रहे।

## अनपरा सरजमीं झंडे व अबीर गुलाल से केसरिया रंग में रंग गई

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**अनपरा सोनभद्र।**अनपरा में महावीरी झंडा शोभायात्रा मे उमड़ा ऐतिहासिक जन सैलाब ।अनपरा की सरजमीं झंडे व अबीर गुलाल से केसरिया रंग में रंग गई। सड़क पर आस्था का जन सैलाब उमड़ कि गिनते-गिनते आंखें थक गईं। क्या बूढ़े, क्या युवक क्या महिलाएं व क्या बच्चे सभी ने भारी उत्साह के साथ जुलूस में सहभागिता की। जुलूस में शामिल होने की उमंग यह रही कि बाजारों में दुकानों में सन्नाटा पसर गया मानों संपूर्ण



पड़ा। संख्या इतनी कि कैमरे कैद ही नहीं कर पाए तथा झांकियां इतनी परिक्षेत्र जुलूस का हिस्सा बन गया हो। वाद्य यंत्रों व श्रद्धालुओं द्वारा लगाये जा रहे जय श्रीराम का उदघोष झांकिया,डीजे साथ मे थिरकता जन सैलाब। जय जय भवानी जय श्रीराम जय बजरंगबली एवं राधे-कृष्ण का उद्घोष करते हुए लोगों ने मंगल के दिन निकलने वाले इस महावीरी झंडा जूलूस को ऐतिहासिक बना दिया। पूरा परिक्षेत्र महावीरी झंडे से पट गया। अनपरा बाजार के सोनारी गली में स्थित दुर्गा मंदिर सहित दस अन्य देवी मंदिरों से एक साथ निकले जूलूस में शामिल हजारों श्रद्धालु रहे शामिल। इस दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह तथा उमंग देखने लायक था। अनपरा के अलावा दुराशनी मंदिर औड़ी, काशीमोड़,कोलगेट रेनुसागर , डीबुलगंज से भगवा महावीरी झंडा लिये हजारों की संख्या में लोग अनपरा में महावीरी झंडा शोभायात्रा में शामिल हुये। वही मंगल होने के चलते लोगों ने एक दूसरे को रंग तथा गुलाल से सराबोर कर दिया। झांकियों में कहीं भगवान शिव तांडव नृत्य कर रहे थे तो कहीं भगवान राम की वानरी सेना के विभिन्न पात्र अनेकों अस्त्र शस्त्र से अपना शक्ति परीक्षण कर रहे थे। वही मा काली अद्भुत झांकी तथा जूलूस मे आधुनिक मोटर वाहन तो थे वही सुसज्जित रथ भी थे। जय श्रीराम के गगदभेंदी उद्घोष के साथ डीजे की धुन पर थिरकते हुए हनुमान भक्त पूरे माहौल को भक्तिमय कर रहे थे। अनपरा बाजार से निकले जूलूस पर गलियों तथा सड़कों से गुलाल उड़ा रहे थे, लोग इत्र की बौछार कर रहे थे, जगह-जगह शर्बत तथा अन्य पेय तथा खाद्य पदार्थों की व्यवस्था की गई थी। राम मंदिर अनपरा , अनपरा बाजार से राजपूत एण्ड सन्स, नूरिया मोहल्ला, डीह बाबा अनपरा बाजार, एटीपी कॉलोनी होते हुए शिवमंदिर से हाथी पार्क, काशीमोड़, औडी मोड़, लैंको कॉलोनी गेट, रेनूसागर मोड, कोलगेट, राम मंदिर आकर समाप्त होगी। जगह जगह पे सभी लोगों के जलपान की व्यवस्था थी।अनपरा नगर पंचायत के चेयरमैन विश्राम बैसवार एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अनपरा अपर्णा मिश्रा के नेतृत्व में नगर पंचायत की टीम ने पेय जल, साफ सफाई की सराहनीय व्यवस्था की थी। सुरक्षा व्यवस्था के लिये एसडीएम दुद्धि निखिल कुमार ,पिपरी क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सीओ लाइन ,अनपरा एसएचओ शिव प्रताप बर्मा, एसएचओ ओबरा राजेश कुमार सिंह ,शक्तिनगर एसएचओ कुमुद शेखर सिंह ,चौकी इंचार्ज रेनुसागर राजेश सिंह सहित कई जगहों की पुलिस लगी रही। वालंटियरो की अनुशासन के चलते इन्हे खास मशक्कत नहीं करना पड़ा।महावीरी झंडा शोभायात्रा में राम ध्वज के साथ औड़ी सेवा समिति नव युवक संघ ,महावीरी शोभायात्रा गरबन्धा , महावीरी झंडा सेवा समिति कोलगेट रेनुसागर ,हिन्दू युवा मंच बजरंग नगर महावीरी सेवा समिति अनपरा,जन कल्याण समिति कौवानाला,महावीरी सेवा समिति बीना रोड ,अष्टभुजा मंदिर डीबुलगंज सहित दर्जनों समितियों ने आकर्षक झाकिया लगाई।इस अवसर पर के सी जैन आर डी सिंह,के सी जैन ,प्रमोद शुक्ला ,केंद्रीय समिति के अध्यक्ष गोपाल गुप्ता,कृष्णा सिंह,मनीष श्रीवास्तव, संजय पाठक,अजय ,रविजीत सिंह कंग,रतन कुमार गुप्ता सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। महावीरी झंडा शोभायात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में चाक-चौबंद दिखी सुरक्षा व्यवस्था। अनपरा सोनभद्र।महावीरी झंडा शोभायात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में चाक-चौबंद दिखी सुरक्षा व्यवस्था।बताते चले कि पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में एसडीएम दुद्धि निखिल कुमार के मार्ग दर्शन में क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में सीओ लाइन एवं थाना प्रभारी अनपरा शिव प्रताप बर्मा एसएचओ ओबरा राजेश कुमार सिंह शक्तिनगर थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह, चौकी प्रभारी रेनुसागर राजेश कुमार सिंह ,थाना रावट्र्सगंज,थाना बीजपुर ,थाना विंढमगंज ,थाना दुद्धि,,थाना पिपरी,थाना बभनी,थाना रायपुर,थाना घोरावल,थाना कर्मा,थाना माची,थाना पन्नूगंज,थाना शाहगंज, थाना चोपन,थाना कोन,थाना जुगैल, थाना म्योरपुर,थाना हाथीनाला ,महिला थाना दुद्धि,फायर सर्विस चोपन , प्लाटून पीएसी , यातायात पुलिस बल सहित भारी संख्या में बल जवान चाक-चौबंद सुरक्षा में लगाए गये।

## तीन दोषियों को 4-4 वर्ष की कठोर कैद

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।**7 वर्ष पूर्व हुए छेड़खानी व घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर तीन दोषियों को उसे छोड़कर भाग गया। कुछ ही देर में उमेश कुमार पुत्र दयाराम, जगदीश पुत्र द्वारिका व आशीष पुत्र छोटेलाल के साथ कई लोग लाठी डंडा लेकर आ गए और घर मे घुसकर मारपीट करने लगे तथा गाली देने लगे। इस दौरान गम्भीर चोटें आई। इस तहरीर पर



4-4 वर्ष की कठोर कैद एवं प्रत्येक पर साढ़े 11 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर एक-एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 25 हजार रूपये वादी मुकदमा को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक अनपरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने अनपरा थाने में 3 मार्च 2018 को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी 2 मार्च 2018 को शाम 6:30 बजे शौच के लिए निकली थी तभी आशीष कुमार पुत्र दयाराम निवासी ग्राम रणहोर, थाना अनपरा, जिला सोनभद्र उसकी बेटी का हाथ पकड़कर खींचने लगा और बंधा की ओर ले जाने लगा। जब बेटी चिल्लाने लगी तो वह गया तो छेड़खानी, घर में घुसकर मारपीट करने और पाक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दिया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट विवेचक ने दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर तीनों दोषियों को 4-4 वर्ष की कठोर कैद एवं प्रत्येक पर साढ़े 11 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक-एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 25 हजार रुपये वादी मुकदमा को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर ले सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## गोंगपा ने राज्यपाल को संबोधित मांगों का ज्ञापन एडीएम को सौंपा

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।**बलिया में जाति प्रमाणपत्र जारी कराने को लेकर चल रहे धरना-प्रदर्शन का समर्थन करते हुए



गोड़वाना गणतंत्र पार्टी(गोंगपा) सोनभद्र कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर राज्यपाल को संबोधित मांगों का ज्ञापन एडीएम सहदेव कुमार मिश्रा को सौंपा। गोंगपा के जिलाध्यक्ष रामनरेश पोया ने कहा कि बलिया जिले में गोड़ और खरवार जाति के लोगों का जाति प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जा रहा है, जिसको लेकर अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन चल रहा है। बलिया के आला अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अधिकारियों का यह कृत्य निंदनीय है। गोंगपा के जिला प्रवक्ता एडवोकेट संतोष कुमार ने कहा कि बलिया जिले मे आदिवासी समुदाय के लोगों के साथ उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है, जो भरतीय संविधान के नियम विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि गोंगपा कार्यकर्ता बलिया के आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय पूर्ण रवैया की घोर निंदा करते हुए राज्यपाल महोदया से बलिया प्रशासन को जाति प्रमाणपत्र जारी करने का आदेश दिए जाने की मांग की है। एडीएम सहदेव कुमार मिश्रा ने ज्ञापन लेने के बाद राज्यपाल महोदया के पास ज्ञापन शीघ्र पहुंचाने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से अमर सिंह मरकाम, रामलखन सिंह टेकाम, राम सिंह पोया, प्रदीप श्याम, शेषमणि कोराम,श्रवण मराची आदि शामिल रहे।

## बड़ाखाना एवं भव्य संस्कृति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ईकाई आरएचटीपीपी रिहन्द में किया गया बड़ा खाना एवं भव्य संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन।



सोमवार के संध्या में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ईकाई आरएचटीपीपी रिहन्द के ईकाई परिसर के परेड ग्राउंड में बड़ाखाना एवं भव्य संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम ईकाई प्रभारी उप कमांडेंट प्रदीप कुमार एवं संरक्षिका अध्यक्षा संगीता वर्मा के कुशल नेतृत्व में किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी रिहन्द परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव एवं अतिविशिष्ट अतिथि उप महानिरीक्षक पूर्वी श्रेत्र -2 प्रयागराज कौशीक गांगुली रहे।इस कार्यक्रम में अन्य अतिथि महाप्रबंधक औ एण्ड म संजय आसाठी, कमांडेंट ईकाई विन्ध्यनगर पंकज बलियान, कमांडेंट ईकाई शक्तिनगर गोपाल दत्त, कमांडेंट ईकाई एनसीएल,खिल्लारे एस पी, कमांडेंट ईकाई औबरा,एस के सिंह,रहे।इस कार्यक्रम में अन्य केऔसुब के अधिकारी, पुलिस अधिकारी, मिडिया सहकर्मी, मुख्य चिकित्साधिकारी, एनटीपीसी अस्पताल,एवं डाक्टर ,एनटीपीसी अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।इस कार्यक्रम में केऔसुब ईकाई के परिवारीक बल सदस्यों के परिजनों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम से वहां से उपस्थित सभी दर्शकों को मोहित कर लिया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत बड़ा खाना का आनंद लिया गया जिसमें अतिथि के साथ ण्घ्इ परिवार के सदस्यों एवं उनके परिवारजनों का काफी तादाद में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अन्त में ईकाई के सहायक कमांडेंट आलोक चौधरी द्वारा दुर-दराद से आए अतिथि का शुक्रिया धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## मतदाता जागरूकता ही लोकतंत्र की मजबूती का आधार- डॉ प्रदीप यादव

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र,शक्तिनगर।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर,



शक्तिनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय की ओर से आज चतुर्थ एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । यह शिविर 2024 - 25 का अंतिम सत्र शिविर था। इस दौरान स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय परिसर में झाडू लगाकर साफ सफाई किया। इसके पश्चात मतदाता जागरूकता विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्रभारी डॉक्टर प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि आज स्वयंसेवकों का दायित्व एवं कर्तव्य बढ़ गया है । ऐसे में स्वयंसेवक स्वयं आगे आए और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें ताकि लोकतंत्र को और मजबूती मिल सके। संगोष्ठी में महात्मा गांधी काशी विद्यापी के सहायक आचार्य डॉक्टर छोटेलाल प्रसाद ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि आज देश में लोकतांत्रिक ढांचे को और मजबूत करने की जरूरत है। इसके लिए मतदाता जागरूकता अति आवश्यक है । जब तक हम अपने मतदान के प्रति जागरूक नहीं होंगे लोकतंत्र को मजबूती प्रदान नहीं किया जा सकता। मतदान हमारा अधिकार है इसका प्रयोग मतदान के अवसर पर अवश्य करना चाहिए । इस दौरान 100 की संख्या में मौजूद स्वयंसेवकों ने मतदान के दिन मतदान करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही अपने क्षेत्र के लोगों में मतदान के प्रति जागरूक करने का भी निर्णय लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रभाकर लाल ने इस सत्र के समापन अवसर पर स्वयंसेवकों को समाज के लिए अपने कर्तव्य और दायित्व के प्रति जागरूक रहने के लिए आवाहन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ । शिविर में मुख्य रूप से अंतिमा श्रीवास्तव हिमांशु ,ज्योति ,पल्लवी , शिवांगी पांडे दिव्या कुमारी आदि ने सहयोग किया।

## 232 मरीजों की हुई जांच जिन्हें चश्मा एवं दवा दिए गए मुफ्त

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** लायंस क्लब राबट्र्सगंज द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर



का आयोजन प्रत्येक माह की 26 तारीख को लायंस भवन में श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय,चित्रकूट के सहयोग से आयोजित किया जाता है, कैम्प लायंस भवन में होता है,इस बार 26 मार्च को डॉ0 संतोष यादव, मैनेजर हेमराज यादव के नेतृत्व में आई टीम ने मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए 22 मरीज चित्रकूट भेजे गए। अध्यक्ष राधिका सिंह,पूर्व मंडलाध्यक्ष हरीश अग्रवाल, एसोसिएट कैबिनेट सेक्रेटरी किशोरी सिंह, विमल अग्रवाल,शीला जैन, परमेश जैन, श्याम बाबू,मुकेश जायसवाल, अभय सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहकर कार्यक्रम को संपन्न कराएं। 78 मरीजों को निःशुल्क चश्मा दिया गया,दवा दी गई। जिसमें 26 फरवरी 2025 तक 3542 मोतियाबिंद के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन हो चुका हैं, 6635 मरीजों की जांच हो चुका है। अध्यक्ष राधिका सिंह ने कहा कि आज के आयोजन में 22 मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया,हरीश अग्रवाल, परमजीत कौर, विमल अग्रवाल, किशोरी सिंह,दया सिंह, संगम गुप्ता, श्याम बाबू, अमित जायसवाल, मुकेश जायसवाल, अभय सिंह ने संयुक्तरुप से कहा कि यह पुनीत कार्य लायंस क्लब द्वारा कई वर्षों से किया जा रहा है, निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में आज तक हुए सभी ऑपरेशन शत-प्रतिशत सफल रहे । 232 मरीजों की जांच हुई जिन्हें चश्मा एवं दवा मुफ्त दिया गया। लायंस क्लब राबट्र्सगंज निरंतर इस तरह की सेवा करता रहता है।

# स्पोर्ट्स





## नए कप्तानों की अगुआई में अभियान शुरू करेगी लखनऊ और दिल्ली, राहुल-पंत की होगी भिड़ंत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पंत पिछले साल दिल्ली की टीम का हिस्सा थे, लेकिन इस साल लखनऊ की कमान संभालेंगे। वहीं, राहुल पिछले साल लखनऊ के कप्तान थे, लेकिन इस साल दिल्ली की टीम से खेलेंगे। दिल्ली की कप्तानी अक्षर पटेल संभालेंगे। आइए जानते हैं संभावित प्लेइंग-11 क्या कमान संभालने वाले केएल राहुल इस बार दिल्ली की जर्सी में नजर आएंगे। राहुल इस बार विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे क्योंकि उनके पास कप्तानी का अतिरिक्त जिम्मा नहीं होगा। भारतीय टीम के दो धुरंधरों राहुल और पंत अब क्रिकेट के मैदान पर आमने-सामने होंगे। कागजों पर दिल्ली की टीम काफी मजबूत





होगी...दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीमें नए कप्तान की अगुआई में आईपीएल 2025 में अपने अभियान की शुरुआत करने उतरेंगी। दिल्ली की कमान इस बार अक्षर पटेल संभालेंगे, जबकि लखनऊ की कप्तानी ऋषभ पंत करेंगे। पंत पहली बार दिल्ली कैपिटल्स के अलावा किसी अन्य टीम से खेलेंगे। उन्होंने पिछले सत्र में दिल्ली टीम की कमान संभाली थी, लेकिन उनके सामने अब लखनऊ का जिम्मा संभालने की चुनौती होगी। लखनऊ ने आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में पंत को 27 करोड़ रुपये में खरीदा था जिससे वह आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ी बने थे। जाहिर है कि लखनऊ को पंत से काफी उम्मीदें होंगी जो पिछले सीजन प्लेऑफ तक भी नहीं पहुंच सकी थी। दूसरी तरह, तीन सीजन लखनऊ की नजर आ रही है क्योंकि उसके पास विदेशी और भारतीय खिलाड़ियों का अच्छा संयोजन है। दिल्ली को बल्लेबाजी में जहां फाफ डुप्लेसिस के अनुभव का फायदा मिलेगा, वहीं गेंदबाजी में उसके पास ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क हैं। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले करुण नायर की मौजूदगी में दिल्ली का मध्यक्रम मजबूत नजर आता है जिसमें राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी और आशुतोष शर्मा भी शामिल हैं। दिल्ली की गेंदबाजी इकाई भी मजबूत नजर आ रही है जिसके स्पिन विभाग में भारत के दो अनुभवी स्पिनर अक्षर और कुलदीप यादव शामिल हैं। उसके तेज गेंदबाजी विभाग में स्टार्क के अलावा टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार और दुशमंत चमीरा शामिल हैं।

## कौन हैं विपराज निगम जब मैदान पर आए तो दिल्ली के गिर चुके थे छह विकेट, फिर तूफानी पारी खेल पलटी बाजा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विपराज ने असल मायने में मैच को पलटा। उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर दिल्ली को लक्ष्य के करीब ले गए। रही सही कसर आशुतोष शर्मा ने पूरी कर दी। ऑलराउंडर विपराज का यह डेब्यू आईपीएल मैच था और उसी में वह चमक गए। आईपीएल 2025 का चौथा मैच रोमांच से भरा रहा। एक वक्त असंभव से लग रहे लक्ष्य को दिल्ली कैपिटल्स ने तीन गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। लखनऊ सुपर जाएंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 209 रन बनाए थे। जवाब में दिल्ली ने 19.3 ओवर में नौ विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत में दिल्ली के दो खिलाड़ियों ने अहम भूमिका निभाई। इनमें आशुतोष शर्मा के अलावा विपराज निगम शामिल हैं। आशुतोष ने 31 गेंद में पांच चौके और पांच छक्के की मदद से 66 रन की नाबाद पारी खेली। हालांकि, वह शुरू में 21 गेंद में 26 रन ही बना सके थे। मैच को सही मायने में पलटने का काम विपराज निगम ने किया। दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और टीम ने 65 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। फिर मैदान पर आशुतोष आए। उन्होंने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ 48 रन की साझेदारी निभाई। स्टब्स के आउट होते ही लगा कि दिल्ली की उम्मीदों पर पानी फिर गया है, क्योंकि आशुतोष तब बड़ी हिट नहीं लगा पा रहे थे। विपराज स्टब्स के 13वें ओवर में आउट होने के बाद बल्लेबाजी के लिए उतरे। तब स्कोर 113 रन पर छह विकेट था। ट्रिस्टन स्टब्स 22 गेंद में 34 रन बनाकर आउट हुए थे। शुरू की दो गेंदों पर विपराज ने दो रन बनाए, लेकिन इसके बाद उन्होंने बाजी पलट दी। विपराज ने अपने आईपीएल डेब्यू पर 15 गेंद में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 39 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 260 का रहा। उन्हें



दिग्वेश राठी ने सिद्धार्थ के हाथों कैच कराया। हालांकि, जब वह पवेलियन लौटे तो दिल्ली की टीम वापसी कर चुकी थी। उन्होंने मैच में एक विकेट भी लिया। विपराज ने एडेन मार्करम को आउट किया था।20 साल की उम्र में विपराज निगम ने सीनियर क्रिकेट में तेजी से प्रगति की और नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें 50 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। राशिद खान से प्रेरित एक लेग स्पिनर विपराज निगम स्पिन की मददगार सतहों पर घातक टर्न के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने लखनऊ फाल्कन्स के साथ यूपीटी 20 लीग में खूब सुर्खियां बटोरी थीं। इस लीग में उन्होंने 12 मैचों में 11.15 के स्ट्राइक रेट और 7.45 की इकॉनमी से 20 विकेट लिए थे। उनके शानदार प्रदर्शन के कारण 2024-25 सीजन में उन्हें उत्तर प्रदेश की सीनियर टीम के लिए डेब्यू करने का मौका मिला। वह लोअर ऑर्डर में बड़े हिट भी लगा सकते हैं। वह लोअर ऑर्डर में बड़ी हिट लगाने का दमखम रखते हैं और यह उन्होंने अपने आईपीएल डेब्यू पर करके दिखाया। उनके घरेलू करियर ने तब उड़ान भरी जब उन्होंने सभी प्रारूपों में उत्तर प्रदेश के लिए डेब्यू किया। 2024-25 सीजन में उन्होंने यूपी के लिए तीन प्रथम श्रेणी मैचों, पांच लिस्ट-ए मैचों और सात टी20 मैचों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने 103 रन बनाए और नौ विकेट लिए। यूपी की टीम में उनके साथ खेल चुके चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव ने मैच के बाद विपराज को लेकर कहा, 'विपराज अंडर-19 टीम के दिनों तक बल्लेबाज थे। फिर धीरे-धीरे उन्होंने लेग स्पिन गेंदबाजी शुरू की। उन्हें अपनी बल्लेबाजी की गहरी समझ है। मैंने उन्हें अच्छे स्ट्रोक खेलते हुए देखा है। वह हमेशा निडर रहे हैं और बड़े शॉट लगाने से नहीं हिचकिचाते। वह अपनी गेंदबाजी पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं और गेंद को अच्छी तरह से टर्न करा रहे हैं।उन्होंने कहा, 'वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने यूपी प्रीमियर लीग में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया और बाद में रणजी ट्रॉफी में खेले, जहां उन्होंने प्रभावशाली गेंदबाजी भी की। मैं उनकी हिटिंग क्षमता से थोड़ा हैरान था। मैंने उन्हें पहले इतनी अच्छी बल्लेबाजी करते नहीं देखा था। मुझे विश्वास है कि वह अपने करियर में बड़ी सफलता हासिल करेंगे।'सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 के दौरान भी विपराज ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने सिर्फ सात से ज्यादा की इकोनॉमी से आठ विकेट लिए थे। हालांकि, मुख्य रूप से एक गेंदबाज विपराज ने सैयद मुश्ताक टूर्नामेंट में अपनी हिटिंग क्षमता का भी प्रदर्शन किया था। विपराज ने आठ गेंदों में नाबाद 27 रन बनाकर और रिंकू सिंह के साथ साझेदारी कर यूपी को आंध्र के खिलाफ जीत दिलाई थी और सैयद मुश्ताक अली क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में मदद भी की थी। तब यूपी ने 157 रन के लक्ष्य का पीछा किया था। यह खिलाड़ी आगे भी टूर्नामेंट में कमाल करता दिख सकता है।

## दिल्ली के बल्लेबाज केएल राहुल पहले मैच के लिए नहीं रहे उपलब्ध, जानें अचानक क्यों लिया फैसला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच आईपीएल 2025 के मैच में केएल राहुल नहीं खेल रहे हैं। बताया जा रहा है कि वह रविवार को निजी कारणों का हवाला देकर टीम से हट गए थे। दिल्ली कैपिटल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज केविन पीटरसन हैं। वहीं, दिल्ली के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल हैं और सहायक कोच मैथ्यू मॉट हैं। दिल्ली की टीम का प्रबंधन ही बदला हुआ है।दिल्ली की कमान अब तक ऋषभ पंत के हाथों में थी, लेकिन वह अब लखनऊ की कप्तानी करेंगे। पिछले सीजन तक राहुल लखनऊ



केएल राहुल लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ आईपीएल 2025 के मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। राहुल पहली बार दिल्ली टीम में शामिल हुए हैं, लेकिन वह टीम के पहले ही मैच में नहीं खेल पाएंगे। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, राहुल निजी कारणों का हवाला देकर घर लौट गए हैं जिस कारण वह इस मैच में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।रिपोर्ट के अनुसार, राहुल ने शनिवार शाम तक टीम के साथ अभ्यास किया था, लेकिन वह रविवार को टीम छोड़कर गए। दिल्ली आईपीएल 2025 में अपने अभियान की शुरुआत अक्षर पटेल की अगुआई में कर रही है। दिल्ली इस बार नए कप्तान और नए कोच के साथ उतरी है। हेमांग बदानी टीम के मुख्य कोच होंगे, जबकि वेणुगोपाल राव क्रिकेट निदेशक और मेंटर की कप्तानी कर रहे थे, लेकिन इस बार वह दिल्ली की जर्सी में उतरेंगे। हालांकि, उन्हें दिल्ली की जर्सी में देखने में थोड़ा वक्त लगेगा क्योंकि वह विशाखापत्तनम में हो रहे पहले मैच में नहीं खेल रहे हैं। दिल्ली और लखनऊ की टीमें पिछले सीजन प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थीं। दिल्ली अंक तालिका में छठे और लखनऊ की टीम सातवें स्थान पर रही थी।दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने हालांकि, टॉस के दौरान यह नहीं बताया कि राहुल इस मैच में नहीं खेलेंगे। उन्होंने मैच से पहले पूर्व संध्या पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था कि यह तय नहीं है कि राहुल इस मैच में खेलेंगे। दिल्ली ने इस मैच के लिए जो प्लेइंग-11 घोषित की उसमें राहुल का नाम शामिल नहीं है।

## पूरन और मार्श की मेहनत पर फिरा पानी, दिल्ली ने आशुतोष की बदौलत जीता मैच; लखनऊ को एक विकेट से शिकस्त

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने निकोलस पूरन और मिचेल मार्श की धमाकेदार अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 209 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.3 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 211 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। आशुतोष शर्मा की अर्धशतकीय पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को एक विकेट से हराकर अपने अभियान का आगाज किया। सोमवार को विशाखापत्तनम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने निकोलस पूरन और मिचेल मार्श की धमाकेदार अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 209 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.3 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 211 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।210 रनों के लक्ष्य का पीछा



करने उतरी दिल्ली की खराब शुरुआत हुई थी। जैक फ्रेजर मैकगर्क एक रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शार्दुल ठाकुर ने अभिषेक पोरेल को अपना शिकार बनाया। वह खाता नहीं खोल सके। इसके बाद एम सिद्धार्थ ने समीर रिजवी को पंत के हाथों कैच कराया। शुरुआती ओवरों में तीन विकेट गंवा चुकी दिल्ली कैपिटल्स को एक अच्छी साझेदारी की जरूरत थी। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे अक्षर पटेल ने फाफ डुप्लेसिस के साथ चौथे विकेट के लिए 43 रनों की साझेदारी निभाई। कप्तान को दिग्वेश राठी ने निकोलस पूरन के हाथों कैच कराया। वह 11 गेंदो में 22 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, डुप्लेसिस ने 29 रन बनाए। इसके बाद मोर्चा ट्रिस्टन स्टब्स और आशुतोष शर्मा ने संभाला। दोनों ने दिल्ली की जीत की नींव रखी। स्टब्स 22 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हुए जबकि आशुतोष 66 रन बनाकर नाबाद रहे। वह अंत तक डटे रहे और मैच जिताऊ प्रदर्शन के साथ टीम की जीत सुनिश्चित की। उनके अलावा दिल्ली के लिए विपराज निगम ने 39, मिचेल स्टार्क ने दो, कुलदीप यादव ने पांच और मोहित शर्मा ने एकङ रन बनाया। लखनऊ के लिए शार्दुल, सिद्धार्थ, दिग्वेश और बिश्नोई ने दो-दो विकेट लिए।इस मैच में लखनऊ की तेज शुरुआत हुई थी। एडेन मार्करम और मिचेल मार्श के बीच पहले विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी हुई जिसे विपराज निगम ने तोड़ा। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज मार्करम को अपना शिकार बनाया। वह 13 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मोर्चा निकोलस पूरन और मार्श ने संभाला।

## नए कप्तान के साथ विजयी शुरुआत करने उतरेगी पंजाब, सामने होगी गुजरात की चुनौती'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गुजरात जाएंट्स और पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को आईपीएल 2025 में अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। पंजाब की टीम इस बार श्रेयस अय्यर की कप्तानी में उतरेगी। पंजाब किंग्स आईपीएल 2025 में अपने अभियान की शुरुआत गुजरात टाइटंस के खिलाफ करेगी। इन दोनों ही टीमों का प्रदर्शन पिछले सीजन अच्छा नहीं रहा था। गुजरात 2022 सीजन की विजेता रही है, लेकिन पंजाब फ्रेंचाइजी ने कभी भी आईपीएल का खिताब नहीं जीता है। पंजाब इस बार नए कप्तान के साथ उतरेगी और उसकी कोशिश विजयी शुरुआत करने की होगी। पंजाब ने श्रेयस अय्यर को टीम का कप्तान बनाया था जिनके नेतृत्व में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने पिछले सीजन खिताब अपने नाम किया था। इस बार श्रेयस के सामने पंजाब को विजेता बनाने की चुनौती होगी। श्रेयस आईपीएल में सफल कप्तानों में गिने जाते हैं। उन्होंने केकेआर को खिताब दिलाने से पहले 2020 सीजन में दिल्ली कैपिटल्स को अपनी कप्तानी में फाइनल में पहुंचाया था, लेकिन टीम उस वक्त विजेता नहीं बन सकी थी। अब उनका लक्ष्य पंजाब का आईपीएल खिताब जीतने का 18 साल लंबा इंतजार खत्म करना होगा। पंजाब उन फ्रेंचाइजी में शामिल है जो करीब आकर भी ट्रॉफी नहीं जीत सकी है। पंजाब आईपीएल 2018 के सेमीफाइनल





में पहुंचा था, जबकि उसने 2014 में फाइनल में जगह बनाई थी। उस वक्त फाइनल में केकेआर ने उसे हराया था, लेकिन पिछले चार वर्षों में पंजाब की टीम शीर्ष पांच में भी जगह नहीं बना सकी है। किंग्स इलेवन पंजाब से पंजाब किंग्स बनने के बावजूद इस टीम को अब भी अपने पहले आईपीएल खिताब का इंतजार है। दूसरी तरफ, भारतीय वनडे टीम के उपकप्तान शुभमन गिल के लिए गुजरात के कप्तान के तौर पर पिछला सीजन अच्छा नहीं रह था और टीम अंक तालिका में आठवें स्थान पर रही थी। गुजरात ने 2022 में हार्दिक पांड्या की कप्तानी में खिताब जीता था और 2023 में उपविजेता रही थी। लेकिन पिछले गुजरात ने अपना कप्तान बदला और गिल को जिम्मेदारी सौंपी। इस मैच में गिल और अय्यर के बीच जंग देखने मिलेगी जो हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे। दोनों ही बल्लेबाज शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। अय्यर ने जहां भारत की तरफ से टूर्नामेंट में सर्वाधिक 243 रन बनाए, वहीं गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में शतक ठोका था और आगे भी उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। अब दोनों खिलाड़ी एक दूसरे के खिलाफ होंगे। गुजरात के पास गिल और इंग्लैंड के जोस बटलर के रूप में आदर्श सलामी जोड़ी है। मध्यक्रम की कमान वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड, साई सुदर्शन और मसूद शाहरुख खान के हाथों में होगी, जबकि ऑलराउंडर राशिद खान, राहुल तेवतिया, ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और महिपाल लोमरोर से योगदान की उम्मीद है। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज अपना प्रभाव छोड़ना चाहेंगे। तेज गेंदबाजी विभाग में उनके साथ देने के लिए कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जे और अनुभवी इशांत शर्मा जैसे अच्छे गेंदबाज शामिल हैं। गुजरात के स्पिन विभाग की जिम्मेदारी फिर से राशिद खान निभाएंगे पंजाब की बल्लेबाजी की बात करें तो उसकी बल्लेबाजी मुख्य रूप से कप्तान अय्यर, जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल पर निर्भर रहेगी। पंजाब की टीम में अजमतुल्लाह उमरजई, स्टोइनिस, मार्को जानसेन, शशांक सिंह और मुशीर खान जैसे ऑलराउंडर हैं। पंजाब के तेज गेंदबाजी विभाग का नेतृत्व अर्शदीप सिंह करेंगे। उनके अलावा पंजाब के तेज गेंदबाजी विभाग में लॉकी फर्ग्यूसन, कुलदीप सेन और यश ठाकुर शामिल हैं, जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार स्पिन विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## 28वीं एथलेटिक्स चैंपियनशिप के ट्रायल 28 मार्च को, ऐसे करें अपना रजिस्ट्रेशन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जिला स्तरीय एथलेटिक खिलाड़ियों का ट्रायल 28 मार्च को अलीगढ़ में होगा। इसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 1000 मीटर व 5000 मीटर की दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, ट्रिपल जंप, गोला फेंक, भाला फेंक, डिस्कस थ्रो आदि के खिलाड़ियों का ट्रायल लिया जाएगा।28वीं यूपी स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन आगामी 10 और 11 अप्रैल को बरेली के रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्टेडियम में होगा। इसके लिए जिला स्तरीय एथलेटिक खिलाड़ियों का ट्रायल 28 मार्च को तालानगरी रामघाट रोड के मैदान पर दोपहर एक बजे से होगा।आयोजन सचिव विवेक कुमार ने बताया 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 1000 मीटर व 5000 मीटर की दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, ट्रिपल जंप, गोला फेंक, भाला फेंक, डिस्कस थ्रो आदि के खिलाड़ियों का ट्रायल लिया जाएगा। खिलाड़ी की आयु 16 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया की वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन कर लें। रजिस्ट्रेशन न होने पर प्रतियोगिता में प्रतिभाग नहीं कर पाएंगे।



## सम्पादकीय

### अस्मिता और उन्नयन का कालखंड, दुनिया में पहचाना जा रहा उत्तर प्रदेश

अटल जी की पंक्ति है, 'अपनी ध्येय-यात्रा में हम कभी रुके नहीं, किसी चुनौती सम्मुख, कभी झुके नहीं...।' इसी ध्येय के साथ बिना रुके, बिना थके, बिना डिगे, बिना झुके वंचितों को वरीयता देते हुए 25 करोड़ प्रदेश वासियों की सेवा, सुरक्षा और समृद्धि को समर्पित 'कर्तव्य साधना' के आठ वर्ष कब पूर्ण हो गए, आभास ही नहीं हुआ। इन आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने राज्य के प्रति धारणा बदलने में सफलता प्राप्त की है। कभी बीमारू राज्य कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश आज व्यवसाय एवं निवेश का सर्वश्रेष्ठ ठिकाना बनकर देश और दुनिया में पहचाना जा रहा है। उत्तर प्रदेश आज 'ग्रोथ गियर' है। हमें विरासत में अराजकता, अव्यवस्था और अपराध के प्राथमिकता है। प्रदेश में 122 चीनी मिलें क्रियाशील हैं। मार्च, 2017 से अब तक तीन नई चीनी मिलों की स्थापना हुई है। छह चीनी मिलों का पुनर्संचालन तथा 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार हुआ है, जिससे लगभग 1.25 लाख लोगों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है। आठ वर्षों में 46.50 लाख गन्ना किसानों को 2,80,223 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, पी.एम. स्वनिधि योजना जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं मातृशक्ति के जीवन में सकारात्मकता का सवेरा लेकर आई हैं। ग्रामीण क्षेत्र की 95 लाख



अंधकार में डूबा हुआ प्रदेश मिला था। ऐसे राज्य को सुरक्षित परिवेश, मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर, सुगम कनेक्टिविटी और उद्यम अनुकूल नीतियों द्वारा निवेशकों का ड्रीम डेस्टिनेशन बनाने में हम लोग सफल रहे। विगत आठ वर्षों में प्रदेश को प्राप्त हुए 45 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव इसकी पुष्टि करते हैं। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जा चुका है। इनके माध्यम से 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी तथा अन्य लाखों लोगों हेतु रोजगार का सृजन हुआ है। स्थापित सत्य है कि सुरक्षा के सुपथ पर ही विकास कुलांचे भरता है और सुगम कनेक्टिविटी उसे तीव्रता प्रदान करती है। 'नया उत्तर प्रदेश' उसका जीवंत उदाहरण है। महान चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा था कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास ही अंत्योदय है। प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार की हर योजना में यह भाव श्वास लेता है। यही कारण है कि बीते आठ वर्षों में प्रदेश सरकार ने छह करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में सफलता प्राप्त की है। प्रदेश के 15 करोड़ निर्धनों को प्रतिमाह निःशुल्क अनाज, 1.86 करोड़ से अधिक परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन, 2.86 करोड़ से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5.21 करोड़ लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक का चिकित्सा सुरक्षा कवच, 56.50 लाख से अधिक परिवारों को निःशुल्क आवास जैसे अनेक कल्याणकारी उपहारों ने प्रदेश के करोड़ों नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाया है 'सभी को आवास' के संकल्प की सिद्धि के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के हर उस लाभार्थी को आवासीय पट्टा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया गया है, जिनके पास भूमि नहीं थी। ऐसा करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य है। यही तो है अंत्योदय। आजादी से लेकर 2017 तक प्रदेश में 12 मेडिकल कालेज थे। आज राज्य में 44 राजकीय मेडिकल कालेज और 36 निजी मेडिकल कालेजों सहित 80 मेडिकल कालेज संचालित हैं। गोरखपुर और रायबरेली में एम्स का संचालन आरंभ हो गया है। 'एक जनपद-एक मेडिकल कालेज' की संकल्पना उत्तर प्रदेश में साकार हो रही है। खुशहाल किसान हमारी सर्वोच्च से अधिक महिलाओं को ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़ने के साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को 2,510 उचित मूल्य की दुकानों का आवंटन, ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) घर की महिला के नाम आदि जैसी रचनात्मक पहल नारी शक्ति के जीवन में सम्मान और आर्थिक प्रगति का प्रतीक हैं। प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों ने युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनाने का युगांतरकारी कार्य किया है। वर्ष 2016 में प्रदेश की बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत थी जो अब तीन प्रतिशत है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के जरिये विभिन्न आयोगों एवं भर्ती बोर्ड द्वारा साढ़े आठ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली। इनमें से 1.38 लाख से अधिक महिलाएं हैं। परीक्षाओं के शुचितापूर्ण आयोजन के लिए उ.प्र. सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) कानून लागू किया गया है, जिससे छात्रों के मन में व्यवस्था के प्रति विश्वास जागा है। आठ वर्ष हमारी आस्था, अस्मिता, आर्थिकी और सांस्कृतिक चेतना के उन्नयन का ऐतिहासिक कालखंड है। इसी दौरान हम सभी ने शताब्दियों की प्रतीक्षा, पीढ़ियों के संघर्ष के बाद सकल आस्था के केंद्र, भारत के प्राण प्रभु श्री रामलला को उनके पावन मंदिर में पुनः विराजमान होते हुए देखा। हम भव्य-दिव्य काशी विश्वनाथ कारिडोर के निर्माण के साक्षी हैं। महाकुंभ का भव्य दिव्य आयोजन, श्री अयोध्या धाम का विकास, काशी का कायाकल्प और मथुरा-वृंदावन का सुंदरीकरण, 'दीपोत्सव', 'रंगोत्सव' का आयोजन विगत आठ वर्षों के प्रयासों का सुफल हैं। बीते आठ वर्षों में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया गया। प्रदेश में डीजल-पेट्रोल दरें देश में सबसे कम हैं। इसके बाद भी उत्तर प्रदेश राजस्व सरप्लस स्टेट के रूप में समृद्धि के नए सोपान चढ़ रहा है। इस सफलता के पीछे रामराज्य की अवधारणा ही है।प्रदेश की विकास यात्रा में मेरे साथ हर नागरिक सहभागी है। मेरे लिए किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के अग्रदूत हैं। हमारा लक्ष्य 'विकसित उत्तर प्रदेश' है। प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ही नहीं बनाना है, बल्कि 25 करोड़ प्रदेश वासियों के सपनों को भी साकार करना है।

# पिता रिक्शा चालक, केरल के लिए भी नहीं खेले विग्नेश को एमआई ने ऐसे बनाया आईपीएल की नई सनसनी

24 साल के विग्नेश पुथुर ने रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कमाल की गेंदबाजी की। उन्होंने चार ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट झटके। इनमें ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे और दीपक हुड्डा के विकेट शामिल हैं। आईपीएल 2025 में रविवार को चेपॉक में खेले गए मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को हरा दिया। हालांकि, एक वक्त मुंबई के विग्नेश पुथुर की घातक गेंदबाजी की बदौलत मुंबई ने चेन्नई को फंसा लिया था और मैच रोमांचक हो चला था, लेकिन रचिन रवींद्र की सूझबूझ भरी बल्लेबाजी से सीएसके मैच निकालने में कामयाब रही। हालांकि, चेन्नई की जीत से ज्यादा चर्चा पुथुर की गेंदबाजी की हो रही है। 24 साल का यह गेंदबाज आईपीएल में डेब्यू कर रहा था और अपने पहले ही मैच में उन्होंने जलवा बिखेरा। पुथुर ने चार ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट झटके। इनमें ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे और दीपक हुड्डा के विकेट शामिल हैं। पुथुर एक रिक्शा चालक के बेटे हैं और इस मैच से पहले सीनियर लेवल पर खेलने का उनके पास कोई अनुभव नहीं है। मुंबई इंडियंस के टैलेंट स्काउट ने इस गेंदबाज को एक लीग के जरिय तलाशा और अब उसे तराशने का काम कर रहे हैं।दरअसल, 24 साल के विग्नेश पुथुर एक चाइनामैन स्पिन गेंदबाज हैं और केरल के मालापुरम के रहने वाले हैं। उनके पिता ऑटो रिक्शा चालक हैं। उनका आईपीएल तक का सफर बेहद कठिनाइयों और चुनौतियों से भरा रहा है। मुंबई ने उन्हें मेगा नीलामी में 30 लाख रुपये में खरीदा था। फ्रेंचाइजी के लिए ट्रायल में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था। पुथुर को इम्पैक्ट सबस्टीट्यूट के रूप में रोहित शर्मा की जगह मैदान पर भेजा गया और उन्होंने अपनी सटीक लाइन लेंथ की गेंदबाजी से सुर्खियां बटोरीं। दबाव में भी वह बेहद कूल दिखे। इस गेंदबाज ने केरल की सीनियर टीम के लिए अब तक कोई मैच नहीं खेला है। केरल क्रिकेट लीग के दौरान मुंबई के टैलेंट स्काउट की नजर उन पर पड़ी। इसके बाद मुंबई के टैलेंट स्काउट ने उनसे संपर्क किया। इसके बाद उन्हें अनुभव हासिल करने के लिए इस साल जनवरी में दक्षिण अफ्रीकी टी20 लीग के लिए दक्षिण अफ्रीका भेजा गया। इसका खर्च भी मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी ने ही उठाया। वहां वह मुंबई इंडियंस की टीम एमआई केप टाउन से जुड़े। वहां उन्हें नेट बॉलर के तौर पर भेजा गया था। राशिद खान एमआई केप टाउन के कप्तान



हैं और पुथुर ने उनसे वहां स्पिन की कला सीखी। इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा। इसके बाद जब वह वापस आए तो डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में रिलायंस टीम का हिस्सा बने और तीन मैच खेले। यह आईपीएल से पहले तैयारी परखने का सही जरिया साबित हुआ। आईपीएल की तैयारी शुरू होने के बाद पुथुर से नेट्स में, प्रैक्टिस मैचों में जमकर गेंदबाजी कराई गई। कोच महेला जयवर्धने की अगुआई में टीम मैनेजमेंट उन्हें गेंदबाजी करता देख खुश थे और इस बात के लिए आश्वस्त थे कि वह आईपीएल के मेन मुकाबलों में गेंदबाजी के लिए तैयार हैं। इसके लिए रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव से भी सलाह ली गई और सभी इससे सहमत दिखे। मुंबई के गेंदबाजी कोच पारस म्हम्ब्रे ने कहा, 'रोहित, सूर्यकुमार और तिलक, मुंबई के सभी बल्लेबाजों ने नेट्स में पुथुर का सामना किया। उनकी गेंदबाजी को समझना किसी के लिए आसान नहीं था। इसलिए हमने सोचा कि उन्हें एक मैच में मौका दिया जाए ताकि उनका आत्मविश्वास बढ़े और यह फैसला सही साबित हुआ। यह अच्छा फैसला था।' पारस म्हाम्ब्रे ने मुंबई इंडियंस के टैलेंट स्काउट की भी जमकर तारीफ की, जिन्होंने इस गेंदबाज की तलाश की और केरल क्रिकेट लीग से ढूंढ कर निकाला। म्हाम्ब्रे ने कहा, 'हमारे पास कुछ शानदार लोग हैं जो टैलेंट को ढूंढ़ निकालने में माहिर हैं। मुझे लगता है कि वह इसलिए इतने कामयाब हैं क्योंकि वह किसी और चीज पर इस बात को तरजीह देते हैं कि उनमें क्षमता है या नहीं। हमने ट्रायल में देखा कि उनमें क्षमता है और वह दबाव में घबराते नहीं, बल्कि इसे चुनौती की तरह स्वीकार करते हैं। हमने इस बात को नहीं देखा कि उन्होंने पहले कोई क्रिकेट या टूर्नामेंट खेला है या नहीं। हम बस उनकी क्षमता को परख कर आगे बढ़े और अब वह आप सभी के सामने है।चेपॉक में चेन्नई सुपर किंग्स के हजारों फैंस के सामने पुथुर ने ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे और दीपक हुड्डा के विकेट लिए। हालांकि, एमआई डगआउट ने जिस चीज को सबसे ज्यादा पसंद किया, वह है पुथुर के दबाव को संभालने की क्षमता। कोच माहेला, कीरोन पोलार्ड और रोहित जैसे सीनियर खिलाड़ियों के साथ नियमित बातचीत से पुथुर को उनकी भूमिका, टीम की उम्मीदों और मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम की संस्कृति को समझने में मदद मिली। म्हाम्ब्रे ने कहा, 'हां, पुथुर ने काफी क्रिकेट नहीं खेली है, लेकिन हमें एक मौका मिला जहां उन्होंने थोड़ा काम किया। हमारे साथ काम करने का मौका मिला। स्किल पर हमने ज्यादा काम नहीं किया, क्योंकि मुझे लगता है कि वह इसमें काफी सुलझे हुए हैं। जयवर्धने और पोलार्ड के साथ-साथ सूर्यकुमार-रोहित के साथ बातचीत कर उन्हें यह समझने में मदद मिली की टीम को किस चीज की जरूरत है। उन्हें टीम में अपनी भूमिका को समझने में मदद मिली और यह भी जाना कि हम उनसे क्या उम्मीद करते हैं।'भारत और विदेशी सितारों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना, एमएस धोनी के साथ मैच के बाद बातचीत करना कुछ ऐसा है, जिसका हर खिलाड़ी सपना देखता है। पुथुर ने रविवार इन पलों को जिया है। म्हाम्ब्रे ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में हर किसी को जयवर्धने के साथ इतना बातचीत का समय नहीं मिलता। सिर्फ सीनियर खिलाड़ी ही ऐसा करते हैं, लेकिन पुथुर कुछ खास हैं। उन्होंने कहा, 'आपके पास हीरो हैं, आप उन्हें टीवी पर खेलते हुए देखते हैं और अचानक ही आपको उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिले तो यह कितना खास हो सकता है, आप जानते हैं। आपके साथ रोहित जैसे खिलाड़ी बगल में बैठे हैं। यह सपना सच होने जैसा है, है न? जिस तरह से पुथुर ने गेंदबाजी की, ऐसा कभी नहीं लगा कि वह दबाव में थे और यह देखना अच्छा था। वह पहले मैच में छाप छोड़ने में सफल रहे हैं और अब एमआई डगआउट में हर कोई उम्मीद करेगा कि वह टीम के पुराने खिलाड़ियों की तरह इस फ्रेंचाइजी के साथ एक लंबी और सफल पारी खेलें, जैसा कि जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या, क्रुणाल पांड्या, तिलक वर्मा ने किया है।केरल के मल्लापुरम के पुथुर कालीकट विश्वविद्यालय के 'पीटीएम गवर्नमेंट कॉलेज' पेरिन्थालमन्ना में अंग्रेजी साहित्य में एमए (परास्नातक) की पढ़ाई कर रहे हैं। उनके पिता ऑटो रिक्शा चलाते है जबकि उनकी मां एक गृहिणी हैं। केरल क्रिकेट लीग और तमिलनाडु प्रीमियर लीग में थोड़े समय के लिए खेलने के अलावा उन्होंने अब तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट का भी अनुभव नहीं है। स्थानीय लीग में पुथुर की प्रतिभा को देखकर मुंबई इंडियंस ने उन्हें टीम में लेने का मन बना लिया था पुथुर के शिविर में शामिल होने के तुरंत बाद ही उनका प्रशिक्षण शुरू हो गया। इस दौरान उन्हें कोचों से बातचीत करने से लेकर प्रशिक्षण सुविधाओं में एनालिटिक्स और डेटा विशेषज्ञों के साथ काम करने का मौका मिला। यहां से उनकी क्रिकेट यात्रा ने उड़ान भरी और पुथुर ने अपनी मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ी। पुथुर के पिता सुनील कुमार ने कहा, 'हमने कभी नहीं सोचा था कि वह पहले मैच में ही खेलेगा। हम बहुत खुश हैं। हमने कभी नहीं सोचा था कि उसे आईपीएल अनुबंध मिलेगा। अब बहुत से लोग हमें बधाई देने के लिए कॉल कर रहे हैं और उम्मीद है कि वह सभी की उम्मीदों पर खरा उतरेगा।' पुथुर की मां बिंदु भी बेटे की सफलता से खुश हैं। बिंदु ने कहा, 'उसने कल शाम को फोन करके कहा था कि आज रात मुझे खेलने का मौका मिल सकता है। हम कल रात हर गेंद को देख रहे थे और उसने अच्छा प्रदर्शन किया। उसने मैच के बाद रात में लगभग साढ़े 12 बजे फोन किया था।' पुथुर के बचपन के कोच विजयन ने मुंबई के प्रसिद्ध कोच वासु परांजपे के साथ काम किया है। उन्होंने कहा, 'उसके सामने बहुत समय है। उम्मीद है कि वह और भी बहुत सी ऊंचाइयां हासिल करेगा। वह बहुत अनुशासित है और उसने बाएं हाथ की कलाई की स्पिन जैसी कठिन कला पर कड़ी मेहनत की है।'

# वैवाहिक विश्वासघात के लिए कठोर दंड की आवश्यकता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** विवाह एक संस्कार है जो मनुष्य को संयमित रहते हुए अपने दांपत्य जीवन के उत्तरदायित्व को पूर्ण करने में सहायक होता है। विवाह का तात्पर्य विधि पूर्वक जीवन साथी के साथ उत्तदायित्व का निर्वहन करना और दांपत्य जीवन की मर्यादाओं का पालन करना है। हिंदू धर्मशास्त्रों में पत्नी को अर्धांगिनी माना गया है, जो यह दर्शाता है कि विवाह केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक बंधन भी है। किंतु वर्तमान समय में मूल्यों के पतन के कारण वैवाहिक संस्था की पवित्रता प्रभावित होती दिख रही है। समाज में बढ़ती स्वार्थपरता और नैतिक मूल्यों के ह्रास के कारण कतिपय लोगों ने विवाह को एक शोषण का माध्यम मात्र बना दिया गया है, जिससे आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक शोषण की घटनाएँ सामने आ रही हैं। सोनभद्र जनपद में घटी घटना इसी नैतिक पतन का एक ज्वलंत उदाहरण है। जिस व्यक्ति ने छलपूर्वक विवाह किए, महिलाओं को धोखा दिया और उनके साथ संतानोत्पत्ति भी हुई, उसने न केवल इन महिलाओं के साथ विश्वासघात किया बल्कि उनके पूरे परिवार को भी सामाजिक अपमान और मानसिक पीड़ा में धकेल दिया। इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि समाज में ऐसे अपराधी सक्रिय हैं जो विवाह जैसे पवित्र संबंध को अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए एक साधन के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इस तरह की घटनाएँ केवल व्यक्तिगत स्तर पर हानिप्रद नहीं होतीं, बल्कि यह संपूर्ण समाज की नैतिकता और पारिवारिक संरचना को भी कमजोर करती हैं। यह अपराध महज एक धोखाधड़ी का मामला नहीं है बल्कि यह महिलाओं के अधिकारों, उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा और उनके जीवन पर गहरा आघात करने वाला अपराध है। यह अभियुक्त पेशेवर अपराधी प्रतीत होता है जिसने कई परिवारों को छला और निर्दोष संतानों को सामाजिक रूप से अपमानजनक स्थिति में डाल दिया। महिलाओं की मानसिक, आर्थिक, सामाजिक और



प्रतिष्ठात्मक क्षति की भरपाई करना संभव नहीं है। इस तरह के अपराधों पर रोक लगाने के लिए केवल मौजूदा कानूनों का सहारा लेना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि कठोर दंडात्मक प्रावधानों की आवश्यकता है। भारतीय न्याय संहिता, 2023 में विभिन्न धाराओं के तहत इस अपराध को संबोधित किया जा सकता है। धारा 319 (2) के अंतर्गत यह धोखाधड़ी का स्पष्ट मामला है, जिसमें आरोपी प्रतिरूपण द्वारा छल किये और महिलाओं को आर्थिक एवं भावनात्मक रूप से क्षति पहुँचाई। धारा 318 (4) के अंतर्गत यदि इस व्यक्ति ने झूठे वादों के आधार पर महिलाओं से धन प्राप्त किए, तो इसे गंभीर अपराध माना जाएगा। इसी प्रकार, धारा 316 (2) के तहत यदि अभियुक्त ने आर्थिक लाभप्राप्त करने के लिए महिलाओं का उपयोग किया और उनका विश्वास भंग किया, तो इसे आपराधिक विश्वासघात की श्रेणी में रखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त, धारा 351 (2) इस मामले में भी लागू होती है, क्योंकि महिलाओं को मानसिक एवं सामाजिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है और उन्हें धमकाया गया है। इसके अलावा, बहुविवाह पर रोक लगाने वाली धारा 82 और छलपूर्वक विवाह करने से संबंधित धारा 83 भी इस मामले में प्रासंगिक हैं। किन्तु, यह स्पष्ट है कि वर्तमान विधिक प्रावधान इस प्रकार की जघन्य घटनाओं को नियंत्रित करने में पूरी तरह सक्षम नहीं हैं। भारतीय न्याय संहिता में ऐसा कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है, जिसके अंतर्गत इस प्रकार के अपराध में संलिप्त अभियुक्त को मृत्युदंड दिया जा सके। यह अत्यंत आवश्यक है कि इस प्रकार के अपराधियों को दंडित करने के लिए दंड की मात्रा में वृद्धि की जाए। जब तक ऐसे अपराधियों को कठोरतम दंड नहीं मिलेगा, तब तक समाज में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति होती रहेगी। इस मामले में, मृत्युदंड जैसी कठोर सजा का प्रावधान किया जाना चाहिए, जिससे यह दंडादेश समाज के लिए नजीर बने और अन्य अपराधियों को इस तरह के कृत्यों से पहले गंभीरता से सोचने पर मजबूर करे। न्यायिक दृष्टि से इस समस्या के समाधान हेतु कानून में संशोधन की आवश्यकता है। सर्वोच्च न्यायालय के सीमा बनाम अश्विनी कुमार मामले में दिए गए निर्देशों के अनुसार विवाह पंजीकरण को अनिवार्य किया जाना चाहिए। यदि विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया को सख्त कर दिया जाए और इसे डिजिटल माध्यम से जोड़ दिया जाए, तो इस प्रकार के अपराधों की संभावना को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सभी विवाहों की ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया लागू करने से किसी भी व्यक्ति की वैवाहिक स्थिति की पुष्टि आसानी से की जा सकेगी, जिससे कोई भी व्यक्ति धोखाधड़ी करके कई विवाह न कर सके। विवाह से संबंधित सभी दस्तावेज ऑनलाइन पंजीकृत किए जाएं, जिससे किसी भी व्यक्ति के वैवाहिक स्थिति की तुरंत पुष्टि की जा सके। कई बार लोग बिना जांच-पड़ताल किए विवाह कर लेते हैं, जिससे धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि होती है। सरकार को एक ऐसा डेटाबेस तैयार करना चाहिए, जहां विवाह संबंधी जानकारी सुरक्षित रूप से दर्ज हो और जरूरत पड़ने पर न्यायिक या प्रशासनिक संस्थाएँ इसकी जांच कर सकें। इसके अतिरिक्त, समाज को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। परिवारों को विवाह से पहले वर और वधू की पृष्ठभूमि की अच्छी तरह जांच करनी चाहिए। महिलाओं को भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है, ताकि वे अपने जीवनसाथी के चयन में सतर्कता बरत सकें। सामुदायिक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए, जिनमें महिलाओं को उनके वैवाहिक अधिकारों और कानूनी सुरक्षा के उपायों के बारे में जानकारी दी जाए।इस घटना के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रभाव भी अत्यंत गंभीर हैं। जिन महिलाओं को धोखा दिया गया है, वे न केवल मानसिक आघात का शिकार हुई हैं, बल्कि उनके आत्मसम्मान और सामाजिक स्थिति पर भी गहरा प्रभाव पड़ा है। इसके अलावा, इस घटना से उत्पन्न संतानों का भविष्य भी संकट में है। उन्हें समाज में कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनका मानसिक और सामाजिक विकास प्रभावित होगा। इसलिए, इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए समाज और कानून दोनों को मिलकर कार्य करना होगा। इसके लिए हमारा सरकार से आग्रह है कि इस मामले में न्याय प्रणाली को तेजी से कार्य करना चाहिए और ऐसे मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके, विवाहों का पंजीकरण अनिवार्य किया जाना चाहिए जिससे इस तरह की घटनाओं को घटित होने से रोका जा सके। इसके अतिरिक्त, मीडिया और सामाजिक संगठनों को इस प्रकार के अपराधों को उजागर करने और समाज को जागरूक करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। यह घटना एक चेतावनी है कि यदि कानून और समाज ने इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए, तो भविष्य में इस प्रकार के अपराध और अधिक बढ़ सकते हैं। विवाह जैसी पवित्र संस्था को बचाने के लिए कठोर कानूनी प्रावधान, सामाजिक जागरूकता और नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। तभी हम इस प्रकार की घटनाओं को रोककर एक सशक्त और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण कर सकते है।

# काशी हिंदू विश्वविद्यालय के भारत अध्ययन केंद्र सभागार में हिंदी कवि और भोजपुरी के विद्वान पंडित हरिराम द्विवेदी स्मृति सम्मान से नवाजे गये जगदीश पंथी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** मंगलवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के भारत अध्ययन केंद्र, सभागार में काशी कथा न्यास, भारत अध्ययन केंद्र, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे काशीः संस्कृति,परंपरा एवं परिवर्तन पर 15 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन समारोह में पंडित हरिराम द्विवेदी स्मृति सम्मान श्री जगदीश पंथी को देते हुये काशी कथा न्यास के सचिव डॉ अवधेश दीक्षित ने कहा कि श्री जगदीश पंथी जी का जन्म उत्तर प्रदेश सोनभद्र जनपद के ग्राम गोतौली, शाहगंज में 16 जुलाई 1951 में हुआ है। इन्होनें अपनी प्राथमिक शिक्षा स्थानीय प्राथमिक विद्यालय से, हाई स्कूल जंग बहादुर इंटरमीडिएट कॉलेज शाहगंज एवं इंटरमीडिएट तक की शिक्षा राजा शारदा महेश इंटरमीडिएट कॉलेज राबर्ट्सगंज सोनभद्र विद्यालय से तथा स्नातक की शिक्षा कन्हैया लाल बसंत स्नातकोत्तर महाविद्यालय मिर्जापुर से प्राप्त की। सन् 1968 से काव्य मंच से जुड़ाव देश के प्रतिष्ठित पत्र - पत्रिकाओं में कविताओं का प्रकाशन प्रारंभ किया। श्री पंथी जी विद्यार्थी जीवन से ही भोजपुरी में रचनाये करते आ रहे हैं। अपने लेखन एवं रचनाओं से इन्होनें भोजपुरी साहित्य एवं संस्कृति को एक नई पहचान दी है। न्यास के संरक्षक प्रोफेसर सिद्धनाथ उपाध्याय ने कहा कि इनके शब्द जीवन के अनकहे भावों को अभिव्यक्त करते हैं एवं समाज को संवेदनशील बनाते हैं। इनके द्वारा रचित भोजपुरी गीत संग्रह रुनुक झुनुक खंड काव्य महात्मा जटायु, टेर रहा बंजारा, करोना के कांटे, तिनके जो मैंने चुनेङ्ग आदि सभी कृतियाँ जीवन का सच्चाइयों, मानवीय भावनाओं, तथा भोजपुरी संस्कृति का जिवंत पिटारा हैं। न्यास के अध्यक्ष व अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार मिश्रा ने कहाँ की श्री पंथी जी के शब्दों में वह शक्ति है जो हृदय की गहराइयों तक पहुँच कर समाज के प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरित करती हैं। भोजपुरी साहित्य जगत में इनकी निरंतर एवं प्रभावी उपस्थिति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत एवं मार्ग दर्शक हैं। श्री पंथी जी ने लेखन के अतिरिक्त सामाजिक चेतना के विकास में



भी प्रभावी एवं सराहनीय कार्य किया है।काशी कथा न्यास, वाराणसी श्री जगदीश पंथी जी को भोजपुरी साहित्य में उनके द्वारा किये गए अतुलनीय योगदान के लिये पंडित हरिराम द्विवेदी स्मृति पुरस्कार प्रदान करते हुये अपने को गौरवान्वित समझती है। सम्मान प्राप्त करने वाले साहित्यकार जगदीश पंथी ने कहा कि पंडित हरिराम द्विवेदी हिंदी कवि और भोजपुरी के विद्वान होने के साथ ही बहुत ही सरल स्वभाव के थे. जो कोई उनसे मिलने के लिए जाता उनसे वे बड़े ही आदर भाव से मुलाकात करते थे. ज्यादातर भोजपुरी में बात करते थे. पंडित जी को साहित्य अकादमी पुरस्कार, साहित्य भूषण समेत प्रदेश स्तर के कई सम्मान मिले थे. रचना की बात करें तो इनकी प्रमुख रचना जीवन दायनीगंगा, पानी काहे कहानी, रमता जोगी, साइ भजन वाली की रहीं. इसके साथ ही भोजपुरी साहित्य और हिंदी कवि की एक दर्जन से ज्यादा पुस्तकों में उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था. उनके स्मृति में यह सम्मान प्राप्त करना मेरे लिए अत्यधिक गौरवशाली छाड़ के समान है मैं सादर आभार प्रकट करता हूं कि मेरे नाम का प्रस्ताव पंडित आलोक कुमार चतुर्वेदी,अध्यक्ष गुप्त काशी विकास परिषद ने काशी के विद्वतगण के समक्ष प्रस्तावित किया और काशी का वह कंकड़ कंकड़ जो शंकर समान है सब ने मिलकर मुझे यह सम्मान दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि काशी के शलाका पुरुष महंत संकट मोचन एवं प्रोफेसर, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग प्रो विश्वंभर नाथ जी, प्रोफेसर सदाशिव कुमार द्विवेदी समन्वयक भारत अध्ययन केंद्र, डॉ अभिजीत दीक्षित निदेशक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, प्रोफेसर राम सुधार सिंह, धनंजय पाठक विभाग बौद्धिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पंडित आलोक कुमार चतुर्वेदी, पंडित पारसनाथ मिश्र, प्रभात सिंह चंदेल,भोला नाथ मिश्रा, समेत जनपद सोनभद्र के मूर्धन्य लोगों ने श्री जगदीश पंथी जी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# थाना शाहगंज पुलिस द्वारा फरार चल रहे, 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, श्री अशोक कुमार मीणा के निर्देशन



में अपराध पर प्रभावी रोकथाम लगाने व वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन तथा क्षेत्राधिकारी घोरावल के निकट पर्यवेक्षण/नेतृत्व में थाना शाहगंज पुलिस द्वारा आज दिनाँक 24.03.2025 को मा0 न्यायालय सोनभद्र द्वारा निर्गत वारण्ट के क्रम में मु0नं0-3631/08 धारा 354, 506 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त दिनेश चौरसिया पुत्र छेदी चौरसिया निवासी राजपुर थाना शाहगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 50 वर्ष को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया। **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-** दिनेश चौरसिया पुत्र छेदी चौरसिया निवासी राजपुर थाना शाहगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 50 वर्ष। **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-** 1. उ0नि0 रामसिंहासन शर्मा थाना शाहगंज जनपद सोनभद्र। 2. हे0का0 सुभाषचन्द्र यादव थाना शाहगंज जनपद सोनभद्र।

# पुत्र केवल एक कुल को बनता है और पुत्री दो कूलों को बना देती है :आचार्य पंडित सौरभ भारद्वाज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रावटसगंज ब्लॉक के सिद्धि गांव में चल रहे अभिषेकात्मक रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के आचार्य पंडित सौरभ भारद्वाज ने बताया प्रातः 8:00 बजे से 3:00 तक यजमान पंडित ओमप्रकाश तिवारी एवं प्रिय मिश्रा के द्वारा शिव रुद्राभिषेक श्रृंगार कर हर मनुष्य के कल्याण के लिए कामना किया गया इसमें ग्रामवासी क्षेत्रवासियों के द्वारा विशेष रूप से मंदिर यज्ञ मंडप की परिक्रमा हजारों की संख्या में किया गया राष्ट्रीय प्रवचन करता देवी शिवानी के द्वारा धनुष यज्ञ प्रसंग सुनाया गया सीता जी के चरित्र पर बोलते हुए व्यास जी ने बताया मानस में



गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है, पुत्री पवित्र किये कुल दोऊ सुजस विमल यह कह सब कोऊ अर्थात पुत्र केवल एक कुल को बनता है और पुत्री दो कूलों को बना देती है इसलिए बेटी का हर मनुष्य को सम्मान करना चाहिए जिसके घर में बेटियां हैं उसके घर में कभी कोई कमी नहीं रहती है इसीलिए श्री राम कथा से सीता जी का चरित्र हर नारी के लिए प्रेरणा स्रोत है वही प्रवचन के दौरान आचार्य जी श्री सीताराम का विवाह प्रसंग सुनाया आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया, चारों दूल्हा में बड़का कमाल सखिया और धीमी चाल चले कहीं डमरू ना बजे चोलिया में क्या लाए हो मेरे भोले बाबा इस भजन पर ग्राम वासियों ने खूब झूम कर नृत्य किया और विवाह उत्सव मनाया गया इस सुभ अवसर पर ग्राम प्रधानपति नंदलाल मोर्य पूर्व प्रधान कृष्ण कुमार सिंह शिवकुमार तिवारी महेंद्र प्रताप सिंह प्रभाशंकर पाठक रवि प्रकाश पांडे हजारों भक्त उपस्थित रहे।

# पाक्सो एक्टः दोषी संगीत शिक्षक त्रिभुवन ठक्कर को 7 वर्ष की कठोर कैद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** साढ़े 7 वर्ष पूर्व दो नाबालिग छात्राओं के साथ हुए छेड़खानी के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी संगीत शिक्षक त्रिभुवन ठक्कर को 7 वर्ष की कठोर कैद एवं 20 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रूपये दोनों पीड़िताओं को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक अनपरा थाना क्षेत्र स्थित एक स्कूल के प्रधानाचार्य ने अनपरा थाने में 8 मई 2017 को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसके विद्यालय में संगीत शिक्षक त्रिभुवन ठक्कर ने दो नाबालिक छात्राओं के साथ छेड़खानी की है। इसकी शिकायत पीड़ित छात्राओं के पिता द्वारा की गई थी, जिसकी जांच कराई गई तो छेड़खानी का मामला पाया गया। इस तहरीर पर 9 मई 2017 को छेड़खानी, पाक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दिया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में संगीत शिक्षक त्रिभुवन ठक्कर





पुत्र स्वर्गीय शांतिलाल ठक्कर निवासी शंकर मार्केट गोल मार्केट के पीछे जयंत, विन्ध्यनगर, जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश हालपता एटीपी कालोनी अनपरा, जिला सोनभद्र के विरुद्ध चार्जशीट विवेचक ने दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, 10 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी संगीत शिक्षक त्रिभुवन ठक्कर को 7 वर्ष की कठोर कैद एवं 20 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रूपये दोनों पीड़िताओं को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर ले सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# 10 दिवस के अन्दर लम्बित प्रार्थना पत्रों का करें निस्तारण-आईजी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर "आर0पी0 सिंह" द्वारा परिक्षेत्र के तीनों जनपदों की अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण एवं जाय।इसके अतिरिक्त निर्देशित किया गया कि पोक्सो एक्ट सम्बन्धी मुकदमों में 02 माह के अन्दर प्रत्येक दशा में विवेचनात्मक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्तो को न्यायालय में सशक्त पैरवी करते हुए शीघ्र ही सजा दिलाया जाय। मादक पदार्थ के अभियुक्तों के



वांछित/पुरस्कार घोषित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने,शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, भूमि संबंधी विवादों का सम्पूर्ण समाधान दिवस/समाधान दिवस पर राजस्व विभाग के सहयोग से निस्तारित कराने, रात्रि में चैराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने, पिछले 10 वर्षों में चोरी, लूट, व अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं अवैध शस्त्र रखने वालों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा जनपद के टॉप-10,अपराधियों के विरुद्ध गुंडा ,गैंगस्टर ,14(1)के अंतर्गत जब्तीकरण कराते हुए ऐसे अपराधियों का जमानत निरस्तीकरण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कठोरतम कार्यवाही के भी निर्देश दिये तथा गोवध अधि0, पशु क्रुरता अधि0,आबकरी अधि0,चिन्हित माफिया, महिला सम्बन्धी अपराध,सम्पत्ति सम्बन्धी अपराध में विवेचना समय से पूर्ण करके निरोधात्मक कार्यवाही की विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही कराते हुए अधिक से अधिक बरामदगी कराने के निर्देश दिये गये।इस दौरान निर्देशित किया गया कि अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए महिलाओं एंव बच्चियों के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोक-थाम हेतु महिला बीट आरक्षियों द्वारा अपने-2 बीट क्षेत्र मे जाकर जनचैपाल लगाकर महिलाओं एवं बच्चियों को जागरुक करें। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे ट्वीटर,वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि पर सतर्क दृष्टि रखी जाये। भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट पर तत्काल संज्ञान लेकर पुलिस द्वारा खण्डन करते हुए भ्रामक पोस्ट फैलाने वाले पर आवश्यक कार्यवाही की जाय। इसके अतिरिक्त स्थानीय अभिसूचना इकाई द्वारा भी गुप्त रुप से विभिन्न गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाय तथा कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने की मंशा रखने वालों पर तत्काल विधिक कार्यवाही की जाय।सोनभद्र एसपी अशोक कुमार मीणा व अन्य।

# गीतकार जगदीश पंथी को राहुल सांकृत्यायन सम्मान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** गीतकार जगदीश पंथी को राहुल सांकृत्यायन सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। विश्व हिन्दी शोध संवर्धन अकादमी तथा हिन्दी विभाग काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के आचार्य रामचंद्र शुक्ल सभागार मे आयोजित समकालीन कविता में राष्ट्रीय चेतना विषयक दो दिवसीय संगोष्ठी एवं नयी सदी में स्वर भाग 4 के लोकार्पण के अवसर पर विश्व हिन्दी शोध एवं संवर्धन अकादमी के संस्थापक निदेशक हीरालाल



मिश्रा मधुकर संरक्षक वशिष्ठ अनुप व केशव जालान ने गीतकार जगदीश पंथी को समाज सेवा एवं हिन्दी साहित्य के उन्नयन में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान पत्र अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए राहुल सांकृत्यायन सम्मान से सम्मानित किया। श्री पंथी को मिले इस सम्मान पर जनपद के साहित्यकारों ने उन्हें बधाई दिया।

# विद्या ज्योति छात्रवृत्ति कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ, दस स्कूलों के मेधावी छात्रों को मिलेगा सुनहरा अवसर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 53 स्थित एनवीएस पब्लिक स्कूल में रोटरी क्लब नोएडा के तत्वावधान में विद्या संसाधनों के अभाव में अपनी प्रतिभा को निखार नहीं पाते। रोटरी क्लब नोएडा शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे और भी कार्यक्रम लाने के लिए संकल्पित





ज्योति छात्रवृत्ति कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस पहल के तहत नोएडा के दस स्कूलों के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपनी शिक्षा को आगे बढ़ा सकें। परीक्षा करवाने में ई पैक ग्रुप, युवा क्रांति सेना और पब्लिक स्कूल वेलफेयर समिति भी अहम भूमिका निभाएगी। छात्रवृत्ति परीक्षा 25 मार्च को एक समय पर नोएडा के दस स्कूलों में आयोजित की जाएगी जिसमें सर्वोदय विध्या मंदिर, कृष्णा पब्लिक स्कूल, एस.आर. पब्लिक स्कूल, सनबीज़ पब्लिक स्कूल, न्यू बाल भारती एकेडमी, एन.वी.एस. पब्लिक स्कूल, नवरंग पब्लिक स्कूल, एस.आर.बी. मेमोरियल पब्लिक स्कूल, सीस्मिक पब्लिक स्कूल और न्यू लाइट पब्लिक स्कूल शामिल है। इस अवसर पर रोटरी क्लब नोएडा की अध्यक्ष, रोटेरियन डॉ. मोहिता शर्मा ने कहा कि इस छात्रवृत्ति के माध्यम से हम उन छात्रों को प्रोत्साहित कर रहे हैं, जो है। कार्यक्रम में ई पैक ग्रुप के प्रबंध निदेशक, रोटेरियन संजय सिंघानिया ने कहा कि हमें गर्व है कि हम इस नेक पहल का हिस्सा बन रहे हैं। हमारा उद्देश्य केवल वित्तीय सहायता देना नहीं, बल्कि एक ऐसे भविष्य का निर्माण करना है, जहां हर योग्य छात्र को समान अवसर मिले। युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने बताया कि शिक्षा की इस अनूठी पहल से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। हमारा लक्ष्य शिक्षा के क्षेत्र में असमानता को दूर करना और प्रतिभाशाली छात्रों को उचित अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर क्लब की महासचिव अलका चोपड़ा, प्रीति सिंघानिया, पब्लिक स्कूल वेलफेयर समिति के महासचिव राजेंद्र चौहान, मनीष श्रीवास्तव, रवि चोपड़ा, सुधीर मिढ़ा, प्रेम चोपड़ा, दीपक भार्गव, राम ग्रोवर, मयंक सिंह, साधु मकवाना, स्कूलों के प्रिंसिपल आदि मौजूद थे।

# सपा नोएडा कार्यालय में मनाई गई डॉ राम मनोहर लोहिया जी की जयंती, शहीदों को किया गया याद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 53 कंचनजंगा मार्केट स्थित सपा नोएडा महानगर कैंप कार्यालय पर आज हो खुशहाल हो तरक्की और गैरबराबरी खत्म हो। महासचिव विकास यादव ने कहा कि आज हमारे यहां बेरोजगारी गैरबराबरी



डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जी की जयंती धूम से धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने लोहिया जी की बातों को याद करके उनके पद चिन्हों पर चलने की अपील की। साथ ही देश के लिए शहीद होने वाले भगत सिंह, राजगुरु ,सुखदेव की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी। साथ ही साथ महानगर संगठन द्वारा सेक्टर 39 स्थित सरकारी अस्पताल में फल वितरण भी किया गया। प्रदेश सचिव सुनील चौधरी ने कहा कि भगत सिंह का सपना था कि देश आजादी के बाद समाजवादी भारत बने लोग संपन्न और असमानता बढ़ती जा रही है। कार्यक्रम का संचालन विकास यादव ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में सुनील चौधरी, विकास यादव, बबलू चौहान, राघवेंद्र दुबे, मुकेश यादव, टीटू यादव, विनोद प्रधान, मोहम्मद नौशाद ,लाल सिंह गौतम ,हरपाल सिंह ,बिरपाल प्रधान, शिवकुमार ,गुलजार अल्वी, बाबूलाल बंसल, रामवीर यादव ,अनुराग यादव ,विमला, बबली शर्मा, राम सहेली ,रेणुका मेथी ,शालिनी खारी, लोकपाल पहलवान, वीर बहादुर ,शेखर यादव ,उदय सिंह ,कैलाश यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए सुहानी कोल चयनित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**शहडोल।** शहडोल 23 मार्च 2025:- मणिपुर के इंफाल में 15 अप्रैल से 21 अप्रैल 2025 तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए शहडोल के आयोजित होगी जिसका प्रि नेशनल कोचिंग कैंप दिनांक 8 से 12 अप्रैल 2025 तक इंदौर में आयोजित होगा। साथ ही कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रीराम जी श्रीवास्तव ने चयनित खिलाड़ी



सुहानी कोल का चयन किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शालेय राज्य स्तरीय 19 वर्ष बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन विदिशा में हुआ था, जिसमें उत्कृष्ट खेल के आधार पर सुहानी कोल ,फुटबॉल एकेडमी विचारपुर ,खेल युवा कल्याण विभाग शहडोल दक्षिण पूर्व मध्य मिश्रित हाई स्कूल रेलवे शहडोल कक्षा 9वीं का चयन राष्ट्रीय फुटबॉल के लिए किया गया है, जिसकी प्रतियोगिता इंफाल (मणिपुर) में दिनांक 15 से 21 अप्रैल 2025 तक सुहानी कोल से मुलाकात कर चर्चा की तथा खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के सुहानी कोल का चयन होने पर अनु विभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह,सहायक संचालक खेल (एन आई एस)फुटबॉल कोच रईस अहमद, फुटबॉल कोच अनिल सिंह लक्ष्मी सहिस, नरेश कुंडे, सीताराम सहिस, अजय सोंधिया सहित अन्य खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

# 551 दीप जलाकर भाव भीनी श्रद्धांजलि

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जरा याद करो कुर्बानी ञ् विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 23 मार्च को शहीदे आजम भगत सिंह जन चेतना संस्थान द्वारा शहीदों को नमन ठ कार्यक्रम का आयोजन स्वर्ण जयंती चौक आरोही सिंह और साधना क्रमशः प्रथम , द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया , वही बालक वर्ग में प्रियांशु, श्रेय मिश्रा और शौर्य केसरवानी ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया ! साथ ही दस सांत्वना पुरस्कार भी



राबर्ट्सगंज पर आयोजित कर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहादत दिवस के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए 551 दीप जलाकर भाव भीनी श्रद्धांजलि दिया गया ! और इस मौके पर एक दिन पूर्व आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह द्वारा पुरस्कृत कर उन्हें देश और समाज के प्रति सजग रहने की प्रेरणा भी दी गई ! जिसमें बालिका वर्ग में नंदिनी नरेश चांडक, प्रतिभागी बच्चों को प्रदान किया गया ! इस मौके पर राजेश द्विवेदी , रामेश्वर शुक्ला, विनय श्रीवास्तव , अरविंद सिंह , रवि मौर्या , राजा राम दुबे, राकेश चौधरी, सर्वेश मिश्रा, बृजेश श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, कल्पना सिंहा, अर्चना सिंह, अभिषेक मिश्रा, धीरज पाण्डेय , संजय जायसवाल , अरुण सिंह, भीम सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में नगरवासी उपस्थित थे ! अंत में क्रांति सिंह ने इस कार्यक्रम में सम्मिलित जनों का आभार प्रकट किया गया।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## रश्मिका मंदाना ने बांधे सलमान खान की तारीफों के पुल, बोलीं- सिकंदर के साथ काम करना मानो

(आधुनिक समाचार नेटर्वक) नई दिल्ली। सलमान खान और रश्मिका मंदाना अभिनित फिल्म



सिकंदर इस महिने की 30 तारीख को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का प्रमोशन जोरो-शोरो से चल रहा है। फिल्म प्रमोशन के दौरान रश्मिना ने सिकंदर की जमकर तारीफ की। सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ पहली बार रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आएगी, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आ रही है। वहीं फिल्म का प्रमोशन लगातार चल रहा है और इसी बीच रश्मिका ने सलमान की जमकर तारीफ की, जिसे सुनकर भाईजान के फैंस जरूर खुश हो जाएंगे।रश्मिका मंदाना लगातार लगातार कई हिट फिल्में देती आई हैं, जिसमें रणबीर कपूर के साथ 'एनिमल' और अल्लू अर्जुन के साथ 'पुष्पा 2 द रूल' शामिल हैं। वहीं अब उन्होंने बॉलीवुड दबंग खान के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है।123 डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, रश्मिका मंदाना ने सलमान की तारीफ करते हुए कहा कि उनके साथ फिल्म 'सिकंदर' में काम करना, उनके लिए बेहद सम्मान की बात है क्योंकि वह बॉलीवुड के एक ऐसे अभिनेता हैं, जिन्हें हर कोई पसंद करता है और वह भारतीय सिनेमा में सबसे प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक हैं।साउथ की कई बेहतरीन फिल्मों के बाद अब बॉलीवुड फिल्मों में कदम जमा चुकीं रश्मिका का मानना है कि फिल्म सिकंदर उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इसके अलावा रश्मिका ने सलमान के स्टारडम से लेकर उनके साथ काम करने के अनुभव की भी जमकर प्रशंसा की। सिकंदर का निर्देशन और लेखन ए आर मुरुगादॉस ने किया है। फिल्म में सलमान और रश्मिका मंदाना के अलावा सत्यराज, प्रतीक बब्बर, काजल अग्रवाल, शरमन जोशी ने अहम भूमिका निभाई है। फिल्म का दमदार संगीत प्रीतम ने तैयार किया है। यह फिल्म 30 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।

## विजय की 'जन नायगन' की रिलीज डेट का एलान, जानें 2026 में कब आएगी फिल्म

(आधुनिक समाचार नेटर्वक) नई दिल्ली। विजय की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जन नायगन' की रिलीज डेट का एलान कर दिया



गया है। यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। तमिल सुपरस्टार दलपति विजय की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जन नायगन' की रिलीज डेट आखिरकार सामने आ गई है। यह फिल्म मकर संक्रांति और पोंगल (14 जनवरी 2026) से ठीक पहले रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन एच विनोथ ने किया है। वहीं, इसे केवीएन प्रोडक्शंस ने प्रोड्यूस किया है। सोमवार को फैंस को देते हुए फिल्म के निर्माताओं ने इसकी रिलीज की तारीफ का एलान कर दिया। यह फिल्म 9 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इससे पहले 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के मौके पर विजय ने अपने फैंस को फिल्म से जुड़ा बड़ा सरप्राइज दिया था। उन्होंने 'जन नायगन' का पहला पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इस पोस्टर में विजय एक गाड़ी के ऊपर खड़े होकर भीड़ के साथ सेल्फी लेते नजर आए थे। नीली डेनिम शर्ट और काले पैंट में वह बेहद स्टाइलिश लग रहे थे। काले चश्मे ने उनके लुक को और शानदार बना दिया था। 'जन नायगन' के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन चर्चा है कि यह विजय की आखिरी फिल्म होगी, क्योंकि इसके बाद वह राजनीति में पूरी तरह से सक्रिय होने जा रहे हैं।

## दमदार एक्शन और नई चुनौतियों के साथ लौटेगा 'बालवीर', जानिए कब आएगा नया सीजन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक) नई दिल्ली। टीवी शो 'बालवीर' दमदार एक्शन और नई चुनौतियों के साथ वापसी करने जा रहा है। नया सीजन जल्द ही शुरू होगा, है। शो में बालवीर की दुनिया पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक और रोमांचक से भरी होगी। फैंस इस नए सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह शो 7 अप्रैल से



जिसमें बालवीर अपने दुश्मनों से मुकाबला करते हुए दुनिया को बचाएगा। बच्चों और बड़ों का पसंदीदा शो 'बालवीर' का नया सीजन जल्द ही दर्शकों के सामने आने वाला है। इस बार कहानी को और रोमांचक तरह से पेश करने की कोशिश की गई है। यह शो सोनी लिव पर स्ट्रीम होने जा रहा देखा जा सकेगा। शो में बालवीर का किरदार निभाने वाले देव जोशी ने इस सीजन को लेकर अपनी खुशी जाहिर की है। एक प्रेस नोट के जरिए उन्होंने कहा, ठबालवीर हमेशा हिम्मत, उम्मीद और अच्छाई-बुराई की लड़ाई की कहानी रही है। इस बार यह सीजन हर चीज को नए स्तर पर ले जा रहा है। इसमें गहरी चुनौतियां, जोरदार एक्शन और एक शानदार बदलाव देखने को मिलेगा। पांचवां सीजन एक नया और रोमांचक मोड़ है। मैं चाहता हूं कि फैंस बालवीर के इस सबसे दमदार सफर को देखें। यह कहानी अभी खत्म नहीं हुई है।ठ शो की आधिकारिक सारांश के मुताबिक इस बार बालवीर अपने पिता के साथ एक बड़ी लड़ाई के बाद कमजोर हो गया है। उसकी ताकत छिन गई है, लेकिन उसका सफर यहीं खत्म नहीं होता। एक नया और खतरनाक दुश्मन सामने आया है, जो बालवीर को हमेशा के लिए मिटा देना चाहता है। दुनिया का भविष्य दांव पर है। बालवीर को फिर से उठकर अपनी सबसे बड़ी जंग लड़नी होगी। यह सीजन पहले से ज्यादा ड्रामा और एक्शन से भरा होगा। इस सीजन में देव जोशी एक बार फिर बालवीर के रूप में नजर आएंगे। उनके साथ अदिति सनवाल काश्वी की भूमिका में होंगी। वहीं, अदा खान खतरनाक विलेन आगल का किरदार निभाएंगी। इन सितारों की तिकड़ी इस शो को और भी मजेदार की पूरी कोशिश करेगी।

## 'केसरी 2' से पहले इन फिल्मों में दिखी जलियांवाली बाग हत्याकांड की कहानी, भयावह दृश्य देख दहल गए दिल

(आधुनिक समाचार नेटर्वक) नई दिल्ली। 'केसरी चैप्टर 2' 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड की कहानी बयां करेगी। इससे पहले भी कई फिल्मों में इस खौफनाक घटना के भयावह दृश्य दिखाए गई



हैं। आज सोमवार, 24 मार्च को अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'केसरी 2' का टीजर जारी हुआ है, जो अब सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। टीजर में फिल्म की कहानी के बारे में अपडेट साझा किया गया। 'केसरी चैप्टर 2' 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड की कहानी बयां करेगी। इससे पहले भी कई फिल्मों में इस खौफनाक घटना के भयावह दृश्य दिखाए गई हैं। चलिए जानते हैं उन फिल्मों के बारे में, जिनमें जलियांवाला बाग की कहानी दिखाई गई है। विनोद खन्ना, परीक्षित साहनी, शबाना आजमी, गुलजार और दीप्ति नवल अभिनीत इस फिल्म का निर्देशन बलराज ताह ने किया था। फिल्म की पटकथा गुलजार ने लिखी है। यह शहीद उधम सिंह की कहानी है, जिन्होंने 1940 में जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लेने के लिए माइकल ओ'डायर की हत्या कर दी थी। फिल्म में जलियांवाला बाग हत्याकांड की कहानी दिखाई गई है। राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित यह फिल्म रिचर्ड एटनबरो की स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह पर आधारित है, जिसमें सरदार उधम सिंह को जलियांवाला बाग की घटना के बाद क्रांतिकारी बनने की प्रेरणा मिली थी। अनुष्का शर्मा की फिल्म फिल्लौरी के कुछ दृश्य जलियांवाला बाग में फिल्माए गए थे। फिल्म में अनुष्का शर्मा द्वारा निभाए गए मुख्य किरदार की शांति नहीं मिलती है, क्योंकि उसके प्रेमी यानी दिलजीत दोसांझ के किरदार की जलियांवाला बाग में हत्या कर दी जाती है। सरदार उधम 2021 में भी जालियांवाला बाग हत्याकांड की भयावह कहानी और दर्दनाक दृश्य दिखाई गए हैं। फिल्म अभिनेता विक्की कौशल मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही शॉन स्कॉट, स्टीफन होगन, अमोल पाराशर, बनिता संधू और किर्स्टी एर्वटन सहायक भूमिकाओं में हैं। इस बायोग्राफिकल ड्रामा का निर्देशन शूजित सरकार ने किया है। इसकी पटकथा शुभेंदु भट्टाचार्य और रितेश शाह ने लिखी है।

## क्रिकेट छोड़ा तो एक्टिंग का पकड़ा हाथ, बनाई अलग पहचान; जानें आखिर योगराज ने किसलिए उठाई बंदूक

(आधुनिक समाचार नेटर्वक) नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर और अभिनेता योगराज सिंह आज अपना 67वां जन्मदिन मना रहे हैं। वह हिन्दी और पंजाबी फिल्मों में अपनी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जाने जाते हैं। 'भाग मिल्खा भाग' फिल्म से जीता था सबका दिल। आइए जानते हैं आज अभिनेता के जीवन से जुड़ी खास बातें।पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने शानदार एक्टिंग से दर्शकों को अपना मुरीद बनाने का काम किया है। ऑलराउंडर के रूप में क्रिकेट की शुरुआत फिर चोट के कारण खेल से तौबा। फिल्मों के अलावा विवादों से रहे हैं काफी चर्चित। धोनी, कपिल समेत कई धुरंधरों पर लगा चुके हैं आरोप। आइए जानते हैं इनकी लॉइफ जनी योगराज सिंह का जन्म 25 मार्च 1958 को चंडीगढ़, पंजाब में हुआ था। योगराज सिंह ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर की शुरुआत साल 1980 में की, जिसमें वह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज के तौर पर आए थे। अपने पूरे करियर में उन्होंने एक टेस्ट और छह वनडे खेला, जिसमें योगराज ने कुल 11 रन बनाए और पांच विकेट लिए। योगराज सिंह ने अपना क्रिकेट डेब्यू न्यूज़ीलैंड के खिलाफ किया था, जिसमें भारत 62 रन से मैच हार गया था। चोट के कारण वह बहुत दिनों से क्रिकेट के मैदान से दूर रहे फिर अंततः उन्होंने क्रिकेट को अलविदा कह दिया।क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद योगराज सिंह ने सिनेमाई परदे पर कदम रखा। अभिनेता योगराज सिंह ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 1983 से की थी। उनकी पहली




फिल्म 'बंटवारा' थी, जिसमें वह बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेन्द्र के साथ नजर आए थे। फरहान अख्तर अभिनीत फिल्म 'भाग मिल्खा भाग' में योगराज ने कोच रणवीर सिंह का किरदार निभाया था। इस फिल्म में योगराज की दमदार एक्टिंग ने दर्शकों को अपना मुरीद बना लिया था। इसके अलावा उन्होंने कई बड़े कलाकारों के साथ भी फिल्में कीं, जिसमें रेखा के साथ 'इंसाफ की देवी' और कमल हासन के साथ तमिल फिल्म 'इंडियन 2' में भी नजर आए थे। साथ ही 2015 में अक्षय कुमार की फिल्म 'सिंग इज ब्लिंग' में भी काम किया था। योगराज सिंह ने अपने अभिनय करियर में अभी तक कुल मिलाकर सात हिंदी फिल्मों में काम किया है।फिल्मी दुनिया में योगराज सिंह ने हिंदी और साउथ के अलावा पंजाबी फिल्मों में भी अपने अभिनय की जादूगरी दिखाई है। योगराज सिंह अभी तक 70 के लगभग पंजाबी फिल्मों में काम कर चुके हैं। उनकी कुछ पंजाबी फिल्में हैं, जिसमें उन्होंने दमदार एक्टिंग कीं हैं जैसे 'कुर्बानी जट्ट दी', 'बदला जट्टी दा', 'इंसाफ पंजाब दा', 'लव पंजाब दा', 'नैन प्रीतो दे', 'बीबी रजनी' आदि।पूर्व क्रिकेटर और अभिनेता योगराज सिंह का विवादों से भी उतना ही गहरा नाता रहा है, जितना फिल्मों से। आए दिन अभिनेता अपने बयानों के लेकर चर्चा में रहते हैं। योगराज सिंह ने क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी महेन्द्र सिंह धोनी पर अपने बेटे क्रिकेटर युवराज सिंह का करियर बर्बाद करने का आरोप लगाया था। इसके अलावा उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह वनडे वर्ल्ड कप विजेता कपिल देव को मारना चाहते थे। इसका जवाब उन्होंने दिया कि बिना किसी कारण से उन्हें टीम से निकाल दिया गया था फिर वह बंदूक लेकर कपिल देव के घर पहुंच गए, लेकिन उनकी मां को देख नहीं चलाई गोलियां। ऐसे ही कई विवाद उनके नाम पर दर्ज हैं। योगराज सिंह फिल्मों में अभिनय के अलावा आज भी क्रिकेट की क्रिकेट के गुण सिखाते हैं।

## आधी रह गई 11वें दिन 'द डिप्लोमैट' की कमाई, जानिए फिल्म ने किया कितना कलेक्शन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक) नई दिल्ली। फिल्म 'द डिप्लोमैट' ने शुरुआत से लेकर अब तक बहुत बढ़िया कलेक्शन नहीं किया है। 11वें दिन तो इसकी कमाई आधी हो चुकी है। जानिए,



11वें दिन इसने कितने रुपये बॉक्स ऑफिस पर बटोरे हैं।जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमैट' के लिए समय अच्छा नहीं चल रहा है। 11वें दिन में ही यह फिल्म दम तोड़ने लगी है। इसके पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं। जानिए, 11वें दिन बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कितनी कमाई कर पाई। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म 'द डिप्लोमैट' ने 11वें दिन 69 लाख रुपये ही कमाए हैं। फिल्म 'द डिप्लोमैट' की कुल कमाई की बात की जाए तो अब तक इसने 26.34 करोड़ रुपये कमाए हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इस फिल्म का बजट 20 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस तरह देखा जाए तो फिल्म ने अपनी लागत तो वसूल ली लेकिन इसके कलेक्शन में हर दिन कमी देखी जा रही है। फिल्म 'द डिप्लोमैट' की कमाई 11वें दिन इसलिए आधी रह गई क्योंकि आईपीएल का सीजन शुरू हो चुका है। दर्शकों का ध्यान क्रिकेट मैच देखने पर ज्यादा है। ऐसे में कोई धमाकेदार फिल्म देखने ही दर्शक थिएटर तक आएंगे। इस मामले में जॉन अब्राहम की फिल्म पिछड़ जाती है। फिल्म 'द डिप्लोमैट' के सामने इन दिनों 'छावा' सिनेमाघरों में मौजूद है, यह फिल्म 600 करोड़ी बनने की तरफ आगे बढ़ रही है। जल्द ही सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' भी रिलीज होगी। इन दोनों फिल्मों से मुकाबला करना फिल्म 'द डिप्लोमैट' के लिए मुश्किल हो जाएगा। जॉन अब्राहम पिछले कुछ समय से देशभक्ति की कहानी वाली फिल्में कर रहे हैं। फिल्म 'द डिप्लोमैट' में भी जॉन ने राजनयिक जेपी सिंह का किरदार निभाया है। फिल्म में सादिया खातिब, कुमुद मिश्रा, शारीब हाश्मी, रेवती जैसे उम्दा अभिनेता और अभिनेत्रियां भी हैं। सादिया ने फिल्म 'द डिप्लोमैट' में उस्मा का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी उस्मा के किरदार के ईद-गिर्द ही बुनी गई है।

## साध्वियों से मिलीं तमन्ना भाटिया, संवाद करती दिखीं अभिनेत्री, आशीर्वाद भी लिया

(आधुनिक समाचार नेटर्वक) नई दिल्ली। इन दिनों अभिनेत्री तमन्ना भाटिया अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म से जुड़े एक खास कार्यक्रम में अभिनेत्री ने शिव शक्ति



यानी शिव की साधन करने वाली साध्वियों से मुलाकात की। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह कुछ साध्वियों के बीच बैठी दिख रही हैं साध्वियों और अभिनेत्री के बीच आध्यात्मिक संवाद हो रहा है। तमन्ना के चेहरे पर भी शांति और प्रसन्नता नजर आ रही है। यह कार्यक्रम तमन्ना की आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' से जुड़ा है। जानिए, इस वीडियो में और क्या-क्या दिखा? तमन्ना को किस तरह का अनुभव हुआ? तमन्ना भाटिया ने जो वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया है, उसमें वह कुछ साध्वियों से आशीर्वाद ले रही हैं। इन साध्वियों का पहनावा, वेश-भूषा बिल्कुल वैसी ही है, जैसी फिल्म 'ओडेला 2' में तमन्ना भाटिया के किरदार की है। ये साध्वियां असल में भगवान शिव की स्तुति करती हैं, उनके लिए ही समर्पित रहती हैं। इन साध्वियों से तमन्ना ने बहुत देर तक बातचीत की। फिल्म 'ओडेला 2' की कहानी की बात की जाए तो यह एक सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म है। फिल्म को अशोक तेजा ने निर्देशित किया है। फिल्म में तमन्ना भाटिया का किरदार काफी चुनौतीपूर्ण है। ट्रेलर में तो अभिनेत्री का रूप काफी रौद्र नजर आया था। यह फिल्म 'ओडेला रेलवे स्टेशन' की अगली कड़ी है। अगर तमन्ना भाटिया के निजी जीवन की बात करें तो प्रेमी विजय वर्मा ने उनका अलगाव हो चुका है। इनकी राहें अब जुदा हो चुकी हैं। दोनों को लंबे वक्त से साथ नहीं देखा गया है। इन्हीं खबरों के बीच ही तमन्ना भाटिया अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' का प्रचार कर रही हैं।

## छावा' का जलवा जारी, सोमवार को लाखों में सिमट गईं 'द डिप्लोमैट' और 'तुमको मेरी कसम'

(आधुनिक समाचार नेटर्वक) नई दिल्ली। विक्की कौशल की 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। जॉन अब्राहम की 'द डिप्लोमैट' की कमाई में भी सोमवार को गिरावट आई। 'तुमको मेरी कसम' का रविवार को संघर्ष




जारी रहा।मार्च महीने के आखिरी सोमवार को सिनेमाघरों में लगी हुईं फिल्मों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। सभी फिल्मों को विकएंड का फायदा मिला था, लेकिन अब सोमवार को उनकी कमाई में गिरावट देखने को मिली। बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की दौड़ में विक्की कौशल की 'छावा' और जॉन अब्राहम की 'द डिप्लोमैट' के साथ इस हफ्ते रिलीज हुई नई फिल्म 'तुमको मेरी कसम' भी शामिल है। हालांकि, इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर शुरुआती प्रदर्शन बेहद खराब रहा। एक ओर जहां 'छावा' को एक महीने से ज्यादा का समय हो गया है और अब भी यह फिल्म अच्छी कमाई कर रही है तो वहीं जॉन की 'द डिप्लोमैट' धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। चलिए जानते हैं कि सोमवार को इन फिल्मों ने कैसा प्रदर्शन किया है। 'तुमको मेरी कसम' शुक्रवार, 21 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में अनुपम खेर, इश्वाक सिंह, अदा शर्मा, एशा देओल, मेहरान माजदा, सुशांत सिंह और दुर्गेश कुमार जैसे कई कलाकार हैं, लेकिन इसके बावजूद दर्शकों पर फिल्म का जादू नहीं चला। फिल्म को रिलीज हुए चार दिन हो चुके हैं, लेकिन यह अब तक करोड़ रुपये तक का आंकड़ा भी नहीं छू पाई है। पहले दिन ही फिल्म की कमाई लाखों रुपये में सिमट गई थी। फिल्म ने पहले दिन महज 15 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं, शनिवार को दूसरे दिन इसका कलेक्शन उछाल के साथ 26 लाख रुपये रहा। तीसरे दिन यानी रविवार को फिल्म ने 27 लाख रुपये की कमाई की। चौथे दिन यह 14 लाख रुपये में सिमट गई। अब इसकी कुल कमाई 82 लाख रुपये हो चुकी है।जॉन अब्राहिम की फिल्म 'द डिप्लोमैट' 14 मार्च को होली के अवसर पर रिलीज हुई थी। हफ्ते भर बाद फिल्म ने अपना बजट निकाल लिया है और अब यह धीमी रफ्तार के साथ मुनाफे की कमाई करने की ओर बढ़ रही है। फिल्म अपना दूसरा हफ्ता भी पूरा करने वाली है। रविवार को फिल्म की कमाई में उछाल दर्ज किया गया था, लेकिन सोमवार को इसकी कमाई लाखों रुपये में ही सिमट गई। 11वें दिन फिल्म ने 90 लाख रुपये की कमाई की। वहीं अब फिल्म का कुल कलेक्शन 26.55 करोड़ रुपये हो चुका है। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना जैसे सितारों से सजी फिल्म 'छावा' 14 फरवरी 2025 को रिलीज हुई। सिनेमाघरों में लगे इसे एक महीने से ऊपर हो गया है। अब भी फिल्म की कमाई करोड़ों रुपये में हो रही है। रविवार को यानी कल फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर 39वां दिन था। बीते दिन फिल्म ने गिरावट के साथ 1.75 करोड़ रुपये की कमाई की। वहीं, अब फिल्म की कुल कमाई 585 करोड़ रुपये हो चुकी है।

## हिंदुस्तानी भाऊ ने की फराह खान के खिफास एफआईआर की मांग, किया बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख

(आधुनिक समाचार नेटर्वक) नई दिल्ली। हिंदुस्तानी भाऊ ने कोरियोग्राफर फराह खान के खिलाफ हिंदू त्योहार होली के बारे में उनकी कथित टिप्पणी को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया



है।सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और पूर्व बिग बॉस प्रतियोगी विकास जयराम फातक उर्फ हिंदुस्तानी भाऊ ने निर्देशक और कोरियोग्राफर फराह खान के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया है। दरअसल, उन्होंने फराह खान पर हिंदू त्योहार होली के बारे में उनकी कथित टिप्पणी को लेकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।हिंदुस्तानी भाऊ की याचिका के अनुसार, फराह खान ने फरवरी 2025 में सेलिब्रिटी मास्टरशेफ के एक एपिसोड के दौरान अपमानजनक टिप्पणी की थी, जिसमें उन्होंने होली को छपरियों का त्योहार बताया था। उन्होंने तर्क दिया कि छपरी शब्द का व्यापक रूप से नकारात्मक अर्थों के साथ इस्तेमाल किया जाता है, जो संस्कृति की कमी को दर्शाता है।उन्होंने दावा किया कि फराह खान की एक लोकप्रिय सार्वजनिक मंच पर की गई टिप्पणी ने हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाई है और सांप्रदायिक विद्वेष को भड़का सकती है। हिंदुस्तानी भाऊ ने 21 फरवरी को खार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और फराह खान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।जब एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो उन्होंने डिप्टी कमिश्नर और एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। इन प्रयासों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस द्वारा कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर फातक ने अब बॉम्बे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और फराह खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।